जबलपुर
बुधवार 18 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष–15
वर्ष : 20, अंक : 316
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 31
न्यून. 17

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



वडीनार बंदरगाह पर पहुंचा 'नंदा देवी' जहाज

एलपीजी आपूर्ति स्थिर होने की उम्मीद

## होर्मुज स्ट्रेट से 'नंदा देवी' जहाज भी भारत पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**लाया 47 हजार मीट्रिक टन एलपीजी**

होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित रूप से शिवालिक के बाद, एक और एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' भारत आ चुका है। 'नंदा देवी' होर्मुज़ जलडमरूमध्य को पार करते हुए वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह जहाज अपने साथ 47 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर आया है। यह जहाज गुजरात के वाडीनार बंदरगाह पर पहुंच चुका है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने बताया

### ईरान और अन्य देशों से हमारी बातचीत जारी

एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ईरान और अन्य देशों के साथ हमारी बातचीत जारी है। जैसा कि हमारे विशेष सचिव ने बताया, कई जहाज अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में मौजूद हैं।

मोहन कैबिनेट ने दी मंजूरी

# सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के रेनोवेशन व शौर्य स्मारक के संधारण पर खर्च होंगे करीब 300 करोड़ रुपए

### ये भी बड़े फैसले

1. रीवा जिले की पनवार माइक्रो सिंचाई परियोजना के लिए 228 करोड़ 42 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति
2. उज्जैन में 4-लेन और 2-लेन कॉरिडोर निर्माण के लिए 945 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति
3. पशुपालन विभाग का नाम अब होगा गो-पालन एवं पशुपालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मंत्रालय के ठीक सामने स्थित सतपुड़ा भवन में आग लगने की घटना के बाद अब रेनोवेशन चल रहा है। करीब तीन साल पहले अचानक आग लगने से इस भवन का तीन मंजिल तक जलकर खाक हो गया था। बाद में इसे नए सिरे से डिस्मेंटल कर निर्माण कराने से लेकर रेनोवेशन तक के लिए अलग-अलग योजनाएं बनी।

अंततः सरकार ने सारे एस्टीमेट को रिजेक्ट कर रेनोवेशन कराने का निर्णय लिया है। इस पर काम भी चल रहा है।


कैबिनेट बैठक में सीएम और मंत्रीगण

### एमपीआरडीसी को निर्माण कार्यों के लिए मिलेंगे करीब 2 हजार करोड़

मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-6 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1543 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मप्र रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम-7 की 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए 1,476 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। शासकीय आवास गृह, विश्राम गृहों के रखरखाव और अनुरक्षण के लिए 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक की निरंतरता के लिए के लिए 200 करोड़ 35 रुपए की स्वीकृति दी गई है।

पाक-अफगान में तनाव चरम पर

पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक से काबुल दहला, तालिबान ने पाक से बदला लेने की कसम खाई, घातक परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

# अस्पताल पर बम गिराया, 400 मौतें हुईं 250 घायल, भारत बोला-ये तो नरसंहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत ने इस हमले को अफगानिस्तान की संप्रभुता पर खुला हमला करार दिया और कहा कि यह क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है*

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। तालिबान ने इसका बदला लेने की कसम खाई है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने नागरिकों में दहशत और आतंक फैलाने के लिए अस्पतालों, स्कूलों और मदरसों को निशाना बनाया। काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर हमला हुआ। इसकी वजह से इलाज करा रहे मरीजों की मौत हो गई। मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान के साथ अब कोई कूटनीति या बातचीत नहीं होगी।


जबिहुल्लाह मुजाहिद

**तालिबान ने कहा- अब बातचीत नहीं पाकिस्तान को उसकी भाषा में जवाब दिया जाएगा**


एयर स्ट्राइक के बाद काबुल का अस्पताल तबाह हो गया

***भारत ने इस बात पर भी चिंता जताई कि यह हमला पवित्र महीने रमजान के दौरान किया गया***

***भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाए***

### हॉस्पिटल का पूरा ढांचा तबाह हुआ

अफगानिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि 2000 बेड वाले हॉस्पिटल का पूरा ढांचा तबाह हो गया है। अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात 31 साल के ओमिद स्टैनिकजई ने बताया कि हमले से पहले उन्होंने आसमान में जेट विमानों की आवाज सुनाई दी थी। जेट ने बम गिराए और आग लग गई। अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के अनुसार, यह देश के इतिहास का सबसे घातक बम धमाका है।



## प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु ने श्रद्धासुमन अर्पित किए



**भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की बिटिया के निधन पर शोक संवेदनाएं जताईं**

*भोपाल। हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंगलवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बैतूल स्थित निवास पर पहुंचकर उनकी बिटिया के निधन पर अपनी शोक संवेदनाएं जताईं और परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। डॉ. हिमांशु ने हेमंत खंडेलवाल व परिजनों को ढांढस बंधाया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह व मप्र भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल भी मौजूद थे।*



### लोकसभा में 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को सदन में बड़ा फैसला सुनाया। बजट सत्र के दौरान निलंबित किए गए 8 विपक्षी सांसदों का निलंबन तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। ये सांसद फरवरी में सदन में हंगामा और अनुशासनहीन व्यवहार के आरोप में पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किए गए थे। सांसदों का निलंबन रद्द किए जाने पर कांग्रेस सांसद के सुरेश ने कहा कि स्पीकर ने कुछ निर्देश दिए हैं और संसदीय कार्य मंत्री ने भी सदन की मर्यादा और अनुशासन का जिक्र किया।

### भोपाल से नवी मुंबई के लिए शुरू होगी फ्लाइट

**भोपाल।** मार्च के अंत से शुरू होने वाले समर सीजन में भोपाल से नवी मुंबई के लिए एयर इंडिया की नई फ्लाइट शुरू हो सकती है। साथ ही इसके अलावा एक-दो फ्लाइट और शुरू होने की संभावना है। 29 मार्च से लागू होने वाले समर शेड्यूल में भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से नवी मुंबई के लिए नई फ्लाइट शुरू होने जा रही है। एयरपोर्ट को मिले नए शेड्यूल के मुताबिक इस बार एअर इंडिया एक्सप्रेस ने बेंगलुरु के लिए भी स्लॉट लिया है। इससे आसार हैं कि एक फ्लाइट भोपाल से बेंगलुरू के लिए भी स्टार्ट हो सकती है।

40 हज़ार आदिवासी छात्रों को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने वाली....

# नीता एम. अंबानी, केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित




भुवनेश्वर, 17 मार्च 2026। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष नीता एम. अंबानी को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (केआईएसएस) परिसर में प्रतिष्ठित (केआईएसएस) ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

श्रीलंका के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहन मुनासिंघे ने केआईआईटी, केआईएसएस एवं केआईएमएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार श्रीमती अंबानी की उत्कृष्ट मानवीय पहलों और रिलायंस फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण और खेल प्रोत्साहन के क्षेत्र में सामाजिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है।

अपने प्रेरणादायी संबोधन में आदिवासी बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती नीता एम. अंबानी ने कहा, "जो कुछ हमारे बेटे कर सकते हैं, वही हमारी बेटियां भी कर सकती हैं, बेटों और बेटियों में कोई अंतर नहीं है।" उन्होंने कहा, "हमेशा याद रखें कि आज आप जहां हैं, वह आपकी शुरुआत है, मंजिल नहीं। आप कितनी दूर तक जाएंगे, यह आपके सपनों, आपकी मेहनत और आगे बढ़ते रहने के साहस से तय होगा।" उन्होंने आदिवासी बच्चों पर विश्वास जताते हुए कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि भारत का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है।"

डॉ. सामंत द्वारा 2008 में शुरू किया गया केआईएसएस ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड दुनिया भर में मानवीय सेवा की भावना को दर्शाने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है। इस पुरस्कार में प्रशस्ति-पत्र और गोल्ड प्लेटिड ट्रॉफी शामिल होती है।

पिछले वर्षों में यह पुरस्कार विश्व के प्रतिष्ठित नेताओं, नोबेल पुरस्कार विजेताओं और विभिन्न महाद्वीपों की विशिष्ट हस्तियों को प्रदान किया गया है। पूर्व में यह सम्मान रतन टाटा, पूज्य दलाई लामा और अनिरुद्ध जगन्नाथ सहित कई अन्य हस्तियों को दिया जा चुका है।

केआईएसएस दुनिया का सबसे बड़ा आदिवासी विश्वविद्यालय है, जहां लगभग 80,000 आदिवासी बच्चों को किंडरगार्टन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक निःशुल्क शिक्षा, आवास और समग्र विकास की सुविधा प्रदान की जाती है।

ज्ञातव्य है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की परोपकारी शाखा, रिलायंस फाउंडेशन, नवोन्मेषी और टिकाऊ समाधानों के माध्यम से भारत की विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में उत्प्रेरक भूमिका निभाने का लक्ष्य रखती है। संस्थापक और अध्यक्ष श्रीमती नीता एम अंबानी के नेतृत्व में, रिलायंस फाउंडेशन सभी के समग्र कल्याण और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवर्तन, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास हेतु खेल, आपदा प्रबंधन, महिला सशक्तिकरण, शहरी नवीकरण और कला, संस्कृति और विरासत जैसे क्षेत्रों में योगदान देना है। इसने भारत भर में 91,500 से अधिक गांवों और शहरी क्षेत्रों में 8.8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का अभिनव प्रयास किया है।

### जेडीयू से अलग हुए पूर्व राज्यसभा सांसद त्यागी

**पटना।** जेडीयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार उन्होंने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया और अब वह आगे की राजनीतिक दिशा जल्द तय करेंगे। करीब दो दशकों से जेडीयू से जुड़े त्यागी का यह कदम बिहार और राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बन गया है। त्यागी ने कहा कि वह जल्द ही अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर फैसला करेंगे।



तृणमूल कांग्रेस ने 294 में से 291 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए

## नंदीग्राम से सुवेंदु को दिया टिकट तो ममता ने बदल ली अपनी सीट

**ममता बेनर्जी ने अपने लिए नंदीग्राम की जगह भवानीपुर को चुना**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने भी 294 में से 291 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। टीएमसी ने शेष 3 सीटें अपने सहयोगी अनित थापा के नेतृत्व वाली भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा के लिए छोड़ दी हैं। इस बार मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने अपने लिए नंदीग्राम की जगह भवानीपुर को चुना है। पिछले विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम में ममता बेनर्जी और सुवेंदु अधिकारी के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। 2021 विधानसभा चुनाव के नतीजों में टीएमसी ने भले ही 213 सीटें जीतकर सत्ता की हैट्रिक लगाई हो और भाजपा को 77 सीटों से संतोष करना पड़ा हो, लेकिन भाजपा के लिए यह बड़ी छलांग थी। भाजपा ने सुवेंदु को दोनों ही सीटों नंदीग्राम व भवानीपुर से उम्मीदवार बना दिया। यहां टीएमसी के लिए दुविधा की स्थिति पैदा हो गई थी। ममता 2021 में नंदीग्राम से चुनाव हार चुकी थीं, ऐसे में उन्हें वहां से दोबारा टिकट देकर टीएमसी कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती थी।



संघ के मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय ने 'समालखा' से लौटकर बताया

संघ की 55,683 स्थानों पर 88,949 शाखाएं हुईं

# केरल में 1 लाख 9 हजार मुस्लिम और ईसाई परिवारों तक पहुंचा संघ, सबने किया 'स्वागत'

- देश में अब तक 37,048 हिंदू सम्मेलनों का आयोजन
- इसमें लगभग साढ़े तीन करोड़ लोगों ने सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में पिछले वर्ष 51,740 स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की 83,129 शाखाएं संचालित थी, जो अब बढ़कर 55,683 स्थानों पर 88,949 शाखाओं का आंकड़ा हो गया है। एक साल में 3943 नए स्थान जुड़े हैं और शाखाओं की संख्या में 5820 की वृद्धि हुई है।

इसमें अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में भी संघ की शाखाएं संचालित हो रही हैं। गृह सम्पर्क में संघ बड़ी संख्या में परिवारों तक पहुंचा है।



प्रांत संघचालक अशोक पांडेय पत्रकारों से बात करते हुए

**मध्यभारत प्रांत में 2481 स्थानों पर 3842 शाखाएं**

पांडेय ने बताया कि वर्तमान समय में मध्यभारत प्रांत में संघ की रचना से महानगरीय एवं ग्रामीण जिलों के 2481 स्थानों पर 3842 शाखाएं चल रही हैं।

टीएमसी के 291 प्रत्याशियों से से 52 महिलाएं, 95 एससीएसटी और 47 अल्पसंख्यक हैं। पार्टी ने अपने 60फीसदी प्रत्याशियों (135) को चुनाव मैदान में उतारा है। टीएमसी ने 15 प्रत्याशियों की विधानसभा बदली है और 74 के टिकट काट दिए हैं। आयु वर्ग के हिसाब से बात करें तो टीएमसी ने 31 साल से कम के 4 उम्मीदवारों, 31-40 साल के 38 प्रत्याशियों और 81-90 साल के 2 कैंडिडेट्स को चुनाव मैदान में उतारा है।

### बंगाल विधानसभा चुनावः टीएमसी ने जारी की 291 उम्मीदवारों की सूची

# कई मौजूदा विधायकों को फिर से मौका तो कुछ सीटों पर नए चेहरों को उतारा, 15 का विधानसभा क्षेत्र बदला और 74 का टिकट काटा

कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और सीएम ममता बेनर्जी ने 291 सीटों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की सूची घोषित कर दी है। अब राज्य में चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ होने लगी है। ममता ने कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने आवास से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की और कहा कि पार्टी इस बार भी जीत की परंपरा को बनाए रखने के लिए पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेगी। बेनर्जी ने कहा कि पार्टी ने इस बार अनुभव और नए चेहरों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की है। सूची में कई मौजूदा विधायकों को फिर से मौका दिया गया है, जबकि कुछ सीटों पर नए चेहरों को उतारा गया है। इस बार भी भवानीपुर सीट पर ममता बनर्जी खुद चुनाव लड़ेंगी, जहां उनका मुकाबला भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी से होने की संभावना है।

राज्य में चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ी



### भवानीपुर में मुकाबला अहम

पिछले विधानभसभा चुनाव में ममता दो सीटों से चुनावी मैदान में उतरी थीं। एक नंदीग्राम और दूसरी भवानीपुर विधानसभा। नंदीग्राम में ममता का मुकाबला सुवेंदु से था। यहां वो सुवेंदु से चुनाव हार गईं थीं। हालांकि भवानीपुर से उन्होंने जीत हासिल की थी। इस बार यहां मुकाबला अहम है क्योंकि भाजपा ने इस बार नंदीग्राम के साथ भवानीपुर से भी सुवेंदु अधिकारी को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में कई सवाल उठ रहे हैं।

## दार्जिलिंग हिल्स में बीजीपीएम 3 सीटों पर लड़ेगी

ममता ने बताया कि उनकी पार्टी टीएमसी राज्य में 294 में से 291 सीटों पर चुनाव लड़ेगी जबकि दार्जिलिंग हिल्स में बीजीपीएम तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी। अभिषेक बेनर्जी ने बताया कि टीएमसी के 291 प्रत्याशियों से से 52 महिलाएं, 95 एससीएसटी और 47 अल्पसंख्यक हैं। टीएमसी ने कोलकाता पोर्ट से फिरहाद हाकिम, बेलेघाटा में कुणाल घोष और हाबरा सीट पर ज्योतिप्रियो मल्लिक को चुनाव मैदान में उतारा है। सूची में इस बार पार्टी ने अपने 60फीसदी प्रत्याशियों (135) को चुनाव मैदान में उतारा है। टीएमसी ने 15 प्रत्याशियों की विधानसभा बदली है और 74 के टिकट काट दिए हैं। आयु वर्ग के हिसाब से बात करें तो टीएमसी ने 31 साल से कम के 4 उम्मीदवारों, 31-40 साल के 38 प्रत्याशियों और 81-90 साल के 2 कैंडिडेट्स को चुनाव मैदान में उतारा है।

### चुनाव आयोग भाजपा का करे प्रचार

ममता ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा की ओर से 'अच्छा खेल' खेल रहा है, उन्हें सीधे भाजपा के लिए प्रचार करना चाहिए। निर्वाचन आयोग बीजेपी के इशारे पर अधिकारियों का तबादला कर रहा है। ईद से ठीक पहले वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया जा रहा है, क्या बंगाल चुनाव से पहले दंगे भड़काने का कोई इरादा है?

### उत्तर बंगाल की सीटों पर भी दांव

उत्तर बंगाल के कई जिलों में भी टीएमसी ने उम्मीदवार घोषित किए हैं। मालतीपुर से अब्दुर रहीम बख्शी, इंग्लिशबाजार से आशीष कुंडू और सुजापुर से सबीना यास्मीन को टिकट मिला है। जंगीपुर से जाकिर हुसैन और मुर्शिदाबाद से सायनी सिंह रॉय को टिकटा दिया है।

### असम में 12 के नाम घोषित एआईयूडीएफ प्रमुख अजमल बिन्नाकांडी सीट से लड़ेंगे चुनाव



असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल बिन्नाकांडी सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी की दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इसके साथ ही पार्टी ने अब तक 21 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। इइस लिस्ट में चार हिंदू उम्मीदवारो को भी चुनाव लड़ने का मौका मिला है।

## खबर संक्षेप

### नहीं रहीं दिग्गज अभिनेत्री बहल

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत संग फिल्म 'क्वीन' में नजर आ चुकी दिग्गज एक्ट्रेस नवनींद्र बहल का निधन हो गया है। इस बात की जानकारी उनके कानू बहल ने पोस्ट शेयर कर दी है. मां को याद करते हुए उन्होंने एक भावुक संदेश लिखा। इसके बाद से ही इंडस्ट्री के लोग भी उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।उनकेदुनिया से जाने की पुष्टि उनके ही बेटे फिल्म निर्माता कानू बहल ने की है।



### भूकंप के तेज झटके से कांपा मणिपुर

**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। विधानसभा में चल रहे बजट सत्र को 5 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। यह कंपन दोपहर करीब 12:08 बजे हुआ, जब कांग्रेस विधायक दल के नेता के. मेघचंद्र, जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए 'जल जीवन मिशन' पर एक प्रस्ताव पेश कर रहे थे।



### गोवा के समुद्र तटों पर डूबने से बचे 5 लोग

**पणजी।** गोवा के अलग-अलग समुद्र तटों और दूधसागर जलप्रपात पर साप्ताहांत के दौरान 5 लोगों को डूबने से बचाया गया। जीवनरक्षक एजेंसी नेबताया कि दक्षिण गोवा के एक समुद्र तट पर आवारा कुत्तों के काटने के बाद 3अन्य लोगों को भी तुरंत मेडिकल सहायता दी गई। सरकार की ओर से नियुक्त एजेंसी 'दृष्टि मरीन' के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।



### मां-पिता ने लव जिहाद की शिकायत की

**वाराणसी।** महाकुंभ 2025 में माला बेचकर फेमस हुई मोनालिसा इन दिनों फिर सुर्खियों में हैं। वजह है मोनालिसा की फरमान खान नाम के शख्स से शादी। मोनालिसा का परिवार इस शादी से टूट गया है। उन्हें पिक्चर में काम देने वाले डायरेक्टर सनोज मिश्रा ने इसे लव जिहाद का मामला बता दिया है। अब मोनालिसा के माता-पिता ने शिकायत की है। पुलिस को अर्जी दी है।



### परीक्षा देने जा रहा हूं...' चौथी मंजिल से कूदा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर से एक दिल दहला देने वाली और चिंताजनक खबर है। 12वीं कक्षा के एक छात्र की एम्प्रेस मॉल परिसर में मौत हो गई। मृतक छात्र की पहचान यश सुनील झाड़े के रूप में हुई है जो मानेवाड़ा के जवाहर नगर इलाके का रहने वाला था। इस संबंध में पुलिस द्वारा आत्महत्या के पीछे के असली कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।



## राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से 'धोखा' पर 'माननीयों' पर सख्ती

# 3 विधायकों को पार्टी से किया निलंबित तो 5 से किया जाएगा जवाब तलब, भेजा नोटिस





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा में राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते हारने वाली कांग्रेस ने अब बागी विधायकों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के पक्ष में वोट देने वाले तीन विधायकों को निलंबित कर दिया है। निलंबित विधायकों में शामिल हैं, सनाखेमुंडी से रमेश चंद्र जेना, मोहाना से दसरथी गोमांगो, कटक से सोफिया फिरदौस। इन विधायकों ने सोमवार को हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी की हिदायत के बावजूद दिलीप रे के पक्ष में वोट दिया। ओडिशा कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कांग्रेस को धोखा देने वालों ने देश के साथ विश्वासघात किया है।' ओडिशा कांग्रेस के मीडिया सेल प्रभारी अरबिंद दास ने बताया कि निर्णय समीक्षा के बाद लिया गया। इन विधायकों ने चुनाव में कांग्रेस के हितों के खिलाफ काम किया और अब उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कराई जाएगी।

**हाईकमान ने इसे बताया जरूरी, सदस्यता खतरे में**

### ओडिशा में 3 पर की कार्रवाई और हरियाणा में शोकॉज जारी किया

## इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि इन विधायकों ने पार्टी के साथ गद्दारी की है। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत इन लोगों को विधानसभा से बाहर किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हाईकमान ने इस कदम की सराहना की है और यह जरूरी भी था।

### विपक्षी दल बीजेडी का भी हिस्सा

ओडिशा में विपक्ष के साझा उम्मीदवार दत्तेश्वर होता की हार में भी भूमिका रही। बीजेडी के 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। होता को बीजेडी ने उतारा था, जबकि कांग्रेस ने उनके समर्थन की घोषणा की थी। कांग्रेस का मानना है कि इस तरह का ऐक्शन बिहार और हरियाणा में भी लिया जा सकता है। बिहार में विपक्षी उम्मीदवार को हार मिली, जबकि वह आसानी से जीत सकता था।

### फिरदौस निलंबित

ओडिशा में 3 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग करते हुए भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया। कांग्रेस बीजद के संयुक्त उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता को हार का सामना करना पड़ा। इस पर फिरदौस को सस्पेंड कर दिया।

### हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुर्जर ने इस्तीफा दिया



हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रामकिशन विधायक शैली चौधरी के पति हैं। सोशल मीडिया पर शैली चौधरी के क्रास मतदान करने की चर्चा है। हालांकि अभी कांग्रेस की ओर क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। हुड्डा का कहना है कि हाई कमान को उनके नाम बता दिए गए हैं। 2 से 3 दिन में सभी नाम सार्वजनिक हो जाएंगे। गुर्जर ने कहा कि शैली चौधरी ने क्रॉस वोट नहीं किया बल्कि उनको बदनाम करने की नीयत से उनका नाम उछाला जा रहा है इस लिए विरोध स्वरूप मैं पार्टी पद से इस्तीफा देता हूं। वहीं बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने कहा कि मेरा दिल, दिमाग और आत्मा दुखी है। कांग्रेस में भ्रष्ट लोगों की कदर है। कांग्रेस में रहने पर वत्स ने कहा कि वक्त बताएगा।

### हरियाणा में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों से मांगेंगे जवाब



राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर कांग्रेस नरमी के मूड में नहीं है। कांग्रेस क्रॉस वोटिंग के आरोपी विधायकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने वाली है। कांग्रेस महासचिव और हरियाणा के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने इस बारे में जानकारी दी।

### 5 विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग

भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध को हरियाणा से राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस के 5 विधायकों ने कथित तौर पर 'क्रॉस-वोटिंग' की। अगर एक और कांग्रेस विधायक निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में 'क्रॉस-वोटिंग' करता तो नांदल भाटिया के 11 द्वितीय वरीयता वोट हासिल कर 28 तक पहुंच सकते थे। अपनी पार्टी के 5विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पत्रकारों से कहाकि कांग्रेस के साथ विश्वासघात करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नब्बे सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक, कांग्रेस के 37, इनेलो के दो विधायक हैं और तीन निर्दलीय विधायक हैं।

### हुड्डा ने हाईकमान को सौंपे नामः कांग्रेस से बाहर जाएंगे 9 विधायक

पंचकूला। हरियाणा के राज्यसभा चुनाव में मात्र 0.34 मतों के अंतर से जीती कांग्रेस में अंदरुनी कलह बढ़ गई है। विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पार्टी के उन नौ विधायकों के नाम कांग्रेस हाईकमान को सौंप दिए हैं, जिनके वोट निरस्त और क्रॉस हुए हैं। कांग्रेस हाईकमान एक-एक कर इन विधायकों से जवाबतलबी करने के बाद पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। कांग्रेस पार्टी के साथ दगा करने वाले विधायकों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### गद्दारी करने वाले को नहीं बख्शेंगे

हुड्डा ने कहा है कि पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले किसी भी विधायक को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे विधायकों की आने वाली पीढ़ियां भी उन्हें याद रखेंगी। इन तेवरों से साफ नजर आ रहा है कि वे विधायकों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे। जिनपर क्रॉस वोटिंग व वोट निरस्त कराने का आरोप है।

## एलपीजी प्रयोग में किफायत बरतें

# घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें, घर पर ही मिलेगा रसोई गैस सिलिंडर



**पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता ने की अपील**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रमों के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में पैदा हुई चिंताओं के बीच पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ऊर्जा सुरक्षा पर स्पष्ट किया है कि वर्तमान में देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। सरकार ने देश में आमजन से एलपीजी के मसले पर अफवाहों से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा नेलोगों से अपील करते हुए कहा कि घबराएं नहीं और पैनिक न करें।

बुकिंग के बाद उनके घर पर ही मिलेगा सिलिंडर की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे एलपीजी के इस्तेमाल में किफायत बरतें और संभव तो हो पीएनजी का इस्तेमाल शुरू करें। भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति शृंखला, नागरिकों की सुरक्षा और बाजार स्थिरता को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। विदेश मंत्रालय वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहा है, वहीं पेट्रोलियम और शिपिंग मंत्रालयों ने घरेलू स्तर पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स के सुचारू संचालन का भरोसा दिया है। आपूर्ति को बाधित करने वाले तत्वों पर भी देशव्यापी कार्रवाई तेज कर दी गई है।

### पेट्रोल और डीजल देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

ऊर्जा आपूर्ति और कूटनीतिक पहल पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्राकृतिक गैस की खपत को लेकर उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों के तहत कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं का पीएनजी में शिफ्ट होना अधिक फायदेमंद होगा।

**केंद्र ने हाईकोर्ट को बताया**



### संकट से निपटने के लिए कदम उठाए जा रहे

केंद्र सरकार ने मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच को सूचित किया कि वह एलपीजी संकट से निपटने के लिए उपचारात्मक उपाय कर रही है। ताकि ईरान-इजराइल युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई कमी के असर से भारत प्रभावित न हो। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अनिल एस किलोर और राज डी वाकोडे की पीठ को बताया कि बातचीत चल रही है और सरकार अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रही है।

## सिंधिया बोले- 'इंडिया पोस्ट' के पास दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा नेटवर्क

# केंद्र ने छह शहरों से शुरू की समय बचाने वाली दो स्पीड पोस्ट सेवाएं.... देरी होने पर 'मनी बैक'

**यह सेवाएं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होंगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डाक विभाग ने छह बड़े शहरों में 24 स्पीड पोस्ट सेवा शुरू की है। इसमें अगले दिन डिलीवरी की गारंटी और देरी होने पर पैसे वापसी की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसे ई-कॉमर्स के बढ़ते बाजार और डाक विभाग पर लोगों के भरोसे को और मजबूत करने वाला कदम बताया है। इस मौके पर केंद्रीय संचार मंत्री ग्रामीण डाक सेवा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंडिया पोस्ट के पास दुनिया का सबसे बड़ा और गहरा नेटवर्क है। देश के 6.5 लाख गांवों की हर तहसील और तालुका में लोग परिवार के किसी सदस्य से भी बढ़कर किसी पर भरोसा करते हैं, तो वह ग्रामीण डाक सेवा है। उनके अनुसार, यह इंडिया पोस्ट के लिए एक नई शुरुआत का पल है। सिंधिया ने विश्वास जताया कि इन नई सेवाओं से आम लोगों और व्यापारियों को बहुत फायदा होगा। डाक विभाग अब आधुनिक जरूरतों के हिसाब से खुद को बदल रहा है। इसमें ग्राहकों को ओटीपी आधारित सुरक्षित डिलीवरी, एसएमएस अलर्ट और एंड-टू-एंड ट्रैकिंग की सुविधा मिलेगी। व्यापारिक ग्राहकों के लिए बाद में भुगतान, भारी मात्रा में बुकिंग के लिए मुफ्त पिकअप और केंद्रीकृत बिलिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं।



### एनसीबी युवाओं को नशों से बचाने के लिए समर्पितः शाह ने बधाई दी



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एनसीबी के स्थापना दिवस के अवसर पर एजेंसी के कर्मियों को बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने लिखा, "एनसीबी के जवानों को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। नशीले पदार्थों से हमारे युवाओं की रक्षा के लिए समर्पित एक प्रमुख एजेंसी के तौर पर एनसीबी पूरी कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रही है और मोदी जी के 'नशामुक्त भारत' के विजन को अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ा रही है।

## 204 पूर्व नौकरशाहों, सैन्य अफसरों की खुली चिट्ठी

# अपने आचरण के लिए माफी मांगें राहुल संसद राजनीतिक नाटक का 'मंच' नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद भवन परिसर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस के हालिया विरोध-प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। 204 सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों, पूर्व नौकरशाहों, पूर्व राजनयिकों और वकीलों ने राहुल से उनके आचरण के लिए देश से माफी मांगने की मांग की है। पूर्व अधिकारियों ने राहुलके नाम लिखी एक खुली चिट्ठी जारी की जिसमें कहा गया है कि 12 मार्च को संसद परिसर में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान गांधी और अन्य सांसदों का व्यवहार संसदीय मर्यादा और संस्थागत गरिमा के खिलाफ था।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER FOR INTERNAL AUDIT COUNSULTANT

(E-Procurement Notice) (Third Invitation)
No. 2870/22/V-12/MPRRDA/Acct./CA Consultant/FY 2024-25
Bhopal, Dated : 17.03.2026

Firms of Chartered Accountants empanelled with C&AG which meet all the conditions in the eligibility criteria listed below, for appointment as Internal Auditors for providing consultation and other allied services for Internal Audit and management control matters relating to MPRRDA headquarters office and its Project Implementation Units for the financial year 2024-25 as per the Terms of Reference provided in the RFP document.

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/ Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 3 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from 17:30 hrs on 25.03.2026.
2. Last date of Submission of bid is date **21.04.2026 upto 17.00 hrs.**
Detailed RFP documents consisting of qualification information and eligibility criterion of bidders, and the set of terms & conditions of contract to be complied with by the consultants can be seen online on the website **https://www.mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**
M.P. Madhyam/124955/2026

'मेरी सड़क' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूसीसी होगा लागू

# सीएम को सौंपी ड्राफ्ट रिपोर्ट, समान कानूनी ढांचा बनेगा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से बनाई गई विशेषज्ञ समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। इससे पहले सरकार ने 4 फरवरी 2025 को एक 5 सदस्यीय समिति बनाई थी। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज रंजना देसाई कर रही थीं। समिति ने राज्यभर में अलग-अलग समाज, धर्म और राजनीतिक लोगों से बातचीत की और उनकी राय लेने के बाद यह रिपोर्ट तैयार की। ड्राफ्ट रिपोर्ट में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मामलों में सभी धर्मों और समुदायों के लिए एक समान कानूनी ढांचा सुझाया गया है।

समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जज देसाई कर रहीं



### 24 को पेश करने की तैयारी की जा रही

बताया जा रहा है कि 23 मार्च को यह रिपोर्ट विधानसभा में रखी जा सकती है। इसके बाद 24 मार्च को यानी बजट सत्र के आखिरी दिन यूसीसी बिल पेश करने की तैयारी है। ऐसे में अगर यह बिल पास हो जाता है, तो गुजरात, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

### महिलाओं को दी समान अधिकार को प्राथमिकता

*समिति की तरफ ड्राफ्ट मिलने के बाद सीएम पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी साझा की। पोस्ट में उन्होंने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना देसाई ने की। रिपोर्ट तैयार करने के लिए समिति ने राज्य के जिलों का दौरा किया, लोगों से राय ली और गहन चर्चा की। सीएम ने जोर दिया कि विशेष रूप से, इस ड्राफ्ट में महिलाओं के समान अधिकार और सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। इसके साथ ही गुजरात की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को भी ध्यान में रखा गया है।*

### अब इनका करना होगा पालन

- *शादी, तलाक और लिव-इन रिलेशन का रजिस्ट्रेशन जरूरी होगा।*
- *बहुविवाह (एक से ज्यादा शादी) पर रोक लगेगी।*
- *महिलाओं को संपत्ति में बराबर हक मिलेगा।*
- *सभी धर्मों के लिए एक समान कानून लागू होगा।*
- *हलाला जैसी प्रथाओं पर रोक लगाने का प्रस्ताव।*
- *महिलाओं की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल ही रहेगी।*

इजराइली सेना का बड़ा दावा

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत, कमांडर सुलेमानी भी मारे गए

*सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है*


अली लारीजानी


गुलामरेजा सुलेमानी

एजेंसी ⏭ तेल अवीव

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था। लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। इन हमलों में इजराइली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।

*लारीजानी पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी*

*बासिज फोर्स के कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए*

*सुलेमानी पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप*


इजराइली सेना के लेबनान की राजधानी बेरुत के दहिया क्षेत्र में मिसाइल से क्षतिग्रस्त इमारत

### इजराइली पीएम कार्यालय का ट्वीट

अली लारीजानी के मारे जाने के दावों के बीच इजराइल के पीएम कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया। इसके कैप्शन में लिखा था कि, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ईरानी शासन के बड़े अधिकारियों को खत्म करने का आदेश देते हुए।



### इजराइल का आरोप हिजबुल्ला ने दो हफ्तों में बरसाए 2000 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन



इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने दावा किया है कि पिछले दो हफ्तों में हिजबुल्ला ने इजराइली नागरिकों पर करीब 2,000 मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन से हमले किए हैं। यह हमले बिना किसी उकसावे के लेबनान की तरफ से किए गए। गिदोन सार ने कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन के नेताओं द्वारा जारी संयुक्त बयान को हकीकत से दूर बताया। इन देशों ने अपने बयान में लेबनान में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और सभी पक्षों से तनाव कम करने तथा बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने हिजबुल्ला के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना गलत है।

### अमेरिका ने ईरान पर और कड़े किए नियम

अमेरिका ने ईरान के खिलाफ और सख्त कदम उठाए हैं। इसके तहत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के ऊर्जा क्षेत्र पर बैन को और कड़ा करने के लिए बड़ा बिल पास किया है। तेहरान के साथ चल रहे तनाव के बीच अमेरिका की दोनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने और कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। इस नए बिल का नाम 'एन्हांस्ड ईरान सैंक्शन्स एक्ट' है, जो सीनेट में पास हो गया। इससे ईरान के तेल व्यापार और उसके ग्लोबल नेटवर्क पर दबाव बढ़ाने के लिए दोनों पार्टियों का बड़ा समर्थन दिखा।

### युद्ध में 200 अमेरिकी सैनिक घायल

यूएस सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के युद्ध में लगभग 200 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से 10 की हालत गंभीर है। 180 सैनिक पहले ही ड्यूटी पर लौट चुके हैं। घायलों में जलने के जख्म, मस्तिष्क आघात और शेल के चोट के घाव शामिल हैं। सैन्य अधिकारियों के अनुसार अधिकांश घायलों की वजह ईरानी वन-वे ड्रोन रहे। फरवरी 28 से अब तक कम से कम 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

### ब्रिटिश एयरवेज ने उड़ानें रोकीं

ब्रिटिश एयरवेज ने कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। कंपनी ने बताया कि अम्मान, बहरीन, दुबई और तेल अवीव के लिए उड़ानें 31 मई तक रद्द रहेंगी। वहीं, दोहा के लिए उड़ानें 30 अप्रैल तक बंद रहेंगी। ब्रिटिश एयरवेज के प्रवक्ता ने कहा कि यह कदम एयरस्पेस की अस्थिरता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। कंपनी लगातार हालात का जायजा ले रही है और प्रभावित यात्रियों से संपर्क कर रही है।

### अबु धाबी में एक की मौत

ईरान और अमेरिका-इजराइल की जंग में यूएई को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंगलवार को अबु धाबी के बानी यास इलाके में एक मिसाइल हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि बैलेस्टिक मिसाइल को इंटरसेप्ट किया गया था, लेकिन उसके मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## *आईआरजीसी का दावा- 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस 4 का 57वां चरण'*

ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने 'ऑपरेशन टू प्रॉमिस 4 का 57वां चरण' पूरा कर लिया है। उसका दावा है कि उन्होंने इजराइल में कमांड, नियंत्रण और मिसाइल रक्षा ढांचे को लक्षित कर मिसाइल हमले किए। साथ ही, कतर में स्थित अल-उदैद बेस, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं, को भी मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया गया। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली ने आज ईरान से दागे गए 14 में से 13 बैलिस्टिक मिसाइलों और कई ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। एक मिसाइल बेदखली क्षेत्र में गिरी, जिससे कोई नुकसान नहीं हुआ।

### *ईरान ने दी बदला लेने की धमकी*

ईरानी नौसेना ने 'आईआरआईएस डेना' पर हमले का बदला लेने की धमकी दी है। ईरानी नौसेना के कमांडर शाहराम ईरानी ने कहा कि तेहरान इसका बदला जरूर लेगा। हम दुश्मन के इस अपराध को नहीं भूलेंगे और हम ऐसी जगह से हमला करेंगे, जहां से उन्हें उम्मीद न हो। हाल ही में ईरानी सेना के प्रमुख आमिर हातामी ने भी कहा था कि नौसैनिकों का बलिदान जाया नहीं जाएगा। बीती 4 मार्च को अमेरिका ने टारपीडो हमला कर ईरान के एक जहाज श्रीलंका के तट के करीब डुबो दिया था। इस हमले में 87 नौसैनिक मारे गए थे।

### यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर हमला

संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह बंदरगाह के नजदीक एक टैंकर पर हमला हुआ है। इस हमले के कारण फुजैराह ऑयल इंडस्ट्री जोन में आग लग गई। इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरानी हमलों के बीच यूएई के नागरिक विमानन प्राधिकरण ने देश के हवाई क्षेत्र को अस्थायी और पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा की।

### इराक में अमेरिकी ठिकानों पर हमला

इराक में ईरान समर्थित उग्रवादी गुट ने अमेरिकी ठिकाने पर हमला किया है। यह हमला राजधानी बगदाद में रॉयल ट्यूलिप होटल पर विस्फोटक लदे ड्रोन से किया गया। हालांकि इस हमले में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। रॉयल ट्यूलिप होटल में विभिन्न विदेशी राजनयिक ठहरते हैं। यह होटल अमेरिकी दूतावास के नजदीक है।

### स्वेज संकटः जयराम ने कृष्ण मेनन को याद किया



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के बीच 1956 के स्वेज संकट का उल्लेख किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र में उस वक्त के भारतीय प्रतिनिधि वीके कृष्ण मेनन ने इस मामले के समाधान के लिए किए गए कूटनीतिक प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1956 में पहले इजराइल तथा बाद में ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा मिस्र पर किया गया आक्रमण स्वेज संकट के नाम से जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में आत्मघती हमला, 23 की मौत



**मैदुगुरी।** उत्तर पूर्वी नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर को निशाना बनाकर सोमवार रात किए गए संदिग्ध आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह संघर्ष ग्रस्त मैदुगुरी में हाल के वर्षों में सबसे भीषण हमलों में से एक है।

### माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग की कड़ी सुरक्षा



**जम्मू।** उधमपुर-रियासी रेंज की पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सारा रिजवी ने चैत्र नवरात्र से पहले मंगलवार को माता वैष्णो देवी मंदिर और यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। रिजवी ने नवरात्र के दौरान सुचारू और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए किए गए इंतजामों का आकलन किया।

### क्यूबा में पावर ग्रिड फेल 1.1 करोड़ लोग प्रभावित



**हवाना।** क्यूबा में सोमवार को बड़ा बिजली संकट सामने आया, जब देश का पावर ग्रिड पूरी तरह फेल हो गया और पूरे देश में ब्लैकआउट हो गया। इस घटना से करीब 1.1 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं। ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, देर रात देश का बिजली सिस्टम पूरी तरह डिस्कनेक्ट हो गया। लोग परेशान हो गए हैं।

### नेपाल में भूकंप के हलके झटके, सभी सुरक्षित



**काठमांडू।** नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता चार मापी गयी। भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, दारचुला जिले के सितौला में यह भूकंप सुबह 10:12 बजे महसूस किया गया।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर का ब्रसेल्स दौरा पूरा

# ईयू नेताओं के साथ एफटीए पर की बातचीत आर्थिक क्षमता और संभावना पर दिया जोर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रसेल्स का अपना दौरा पूरा किया। ब्रसेल्स के दौरे पर उन्होंने यूरोपीय यूनियन (ईयू) के नेताओं और विदेश मंत्रियों से बातचीत की। उन्होंने हाल ही में हस्ताक्षर किए गए भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के तहत व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और गतिविधि में सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक क्षमता पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रसेल्स के दौरे से संबंधित बैठकों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि उन्होंने ईयू विदेश मामलों के परिषद के सदस्यों से मुलाकात की और एंटोनियो कोस्टा, उर्सुला वॉन डेर लेयेन और ईयू के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति की उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास समेत वरिष्ठ यूरोपीय नेताओं के साथ चर्चा की।

सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाया जाएगा | व्यापार और निवेश प्रोत्साहन में मदद की जाएगी

### एफटीएफ ईयू के साथ टर्निंग पॉइंट


डॉ. एस. जयशंकर ईयू प्रतिनिधि काजा कैलास से मुलाकात करते हुए

विदेश मंत्री ने कहा कि एफटीए द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ा मील का पत्थर होगा। यह भारत-ईयू संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट है। यह न सिर्फ इसकी बहुत बड़ी आर्थिक क्षमता को उजागर करेगा बल्कि हमारे जुड़ाव की रणनीतिक प्रवृत्ति को भी दिखाएगा। दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश प्रोत्साहन सहित व्यावहारिक गतिविधियों में एक-दूसरे की सक्रिय तौर पर मदद करनी चाहिए।

### टीटीसी को बेहतर बनाएं

जयशंकर ने कहा कि व्यापार और तकनीकी परिषद (टीटीसी) को बेहतर किया जा सकता है। इससे नई और आधुनिक तकनीकों में सहयोग आसान होगा। सप्लाई चेन को सुरक्षित और मजबूत बनाना दोनों का साझा लक्ष्य है। एफटीए इस मकसद के लिए गहरे बिजनेस लिंकेज को बढ़ावा देगा।

### ऊर्जा सुरक्षा पर अहम चर्चा हुई

जयशंकर ने बताया कि यूरोपीय संघ की शीर्ष प्रतिनिधि काजा कालास ने यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की परिषद की बैठक में आमंत्रित किया था। बैठक में भारत-यूरोपीय संघ संबंधों के अलावा वैश्विक चुनौतियों, खासकर पश्चिम एशिया की स्थिति और उसके ऊर्जा सुरक्षा पर असर पर चर्चा हुई।

### जीसीसी में दोनो पक्षों की दिलचस्पी

विदेश मंत्री ने कहा कि स्किल्स की मोबिलिटी और टैलेंट फ्लो बहुत जरूरी हैं। भारत में लीगल गेटवे ऑफिस की स्थापना ध्यान देने लायक है। भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) को बढ़ावा देने में दोनों पक्षों की एक जैसी दिलचस्पी है। दोनों पक्ष सुरक्षा और रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाकर सुरक्षा सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। सूचना सुरक्षा समझौता जल्द पूरा किया जाएगा।

### भारत-ईयू के बीच कनेक्टिविटी भी खास एजेंडा

जयशंकर ने कहा कि कनेक्टिविटी भी दोनों के एजेंडे में महत्वपूर्ण है। हम आईएमईसी और ऐसी दूसरी पहलों को प्रैक्टिकल रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे। दुनिया में बहुपक्षीयवाद पर दबाव बढ़ रहा है, इसलिए भारत और ईयू अपने संस्थानों को मजबूत करेंगे। दोनों पक्ष नियमित रूप से बातचीत करेंगे और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।

होर्मुज संकट पर भारत का दावा

# ईरान से चल रही बातचीत, भारतीय जहाजों को सुरक्षित लाना ही लक्ष्य


प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ईरान और अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। कई जहाज अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में मौजूद हैं। हमारा इरादा ईरान और अन्य देशों के साथ मिलकर इन जहाजों को सुरक्षित वापस लाना है। यही हमारा उद्देश्य है और इस मुद्दे पर बातचीत जारी है। मानवीय सहायता के संबंध में भी हम ईरान के साथ कई मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है। ब्रिक्स आपसी सहमति के आधार पर काम करता है। इस समय चल रहे संघर्ष में ब्रिक्स के कई सदस्य शामिल हैं। इसी वजह से देशों के बीच अलग-अलग रुख को एक साथ लाना मुश्किल हो रहा है। लेकिन हम सभी पक्षों के साथ लगातार जुड़े हुए हैं और बातचीत कर रहे हैं।

### 5 भारतीयों की मौत, 1 लापता, 2 शव सौंपे

वहीं, विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम महाजन ने कहा कि ओमान के सोहार शहर में हुई घटना में जिन दो भारतीय नागरिकों की मौत हुई थी, उनके शव आज जयपुर में उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेफसी विष्णु जहाज से जुड़ी घटना इराक के बसरा तट के पास हुई। हमारे अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और 15 भारतीय कर्मचारियों की सुरक्षित वापसी के लिए मदद कर रहे हैं। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और वे फिलहाल बसरा के एक होटल में ठहरे हुए हैं। वे इराकी अधिकारियों के साथ मिलकर उस भारतीय के शव को भी वापस लाने की प्रक्रिया कर रहे हैं, जिसकी इस घटना में मौत हो गई थी। पहले की घटनाओं में कुल 5 भारतीयों की मौत हो चुकी है और एक अभी लापता है। ओमान से दो शव आज भारत पहुंच चुके हैं। ओमान, इराक और यूएई में हमारे दूतावास लापता भारतीय की तलाश और बाकी तीन मृतकों के शवों को जल्द भारत लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं।

फिनलैंड के राष्ट्रपति का सुझाव

# पश्चिम एशिया में तनाव करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाए

एजेंसी ⏭ हेलसिंकी


अलेक्जेंडर स्टब

इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच जारी हमलों की वजह से पश्चिम एशिया में इस समय भारी तनाव और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने दावा किया है कि भारत अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने में एक महत्वपूर्ण डिप्लोमैटिक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ते रहने के बीच तुरंत सीजफायर की अपील की। स्टब ने कहा कि वैश्विक कोशिशों को दुश्मनी रोकने और बातचीत के रास्ते खोलने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत तनाव कम करने के मकसद से की जा रही कूटनीतिक कोशिशों में शायद मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमें सीजफायर की जरूरत है। मैं सोच रहा हूं कि क्या भारत सच में इसमें शामिल हो सकता है। हमने देखा कि विदेश मंत्री जयशंकर ने चीजों को शांत करने के लिए सीजफायर की अपील की थी। फिनलैंड के राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब नई दिल्ली इस इलाके में बढ़ते टकराव के बीच तेहरान के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। बता दें, हाल ही में भारत के विदेश मंत्री ने तेजी से बदल रहे हालात पर चर्चा करने के लिए अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर एक और राउंड की बातचीत की।

यूएन में अफगानिस्तान में हमलों को लेकर पाक को भारत ने लताड़ा

# रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर बमबारी क्रूरता

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की काल्पनिक कहानियां गढ़ने की आदत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा? हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे।

धर्म का राजनीतिकरण समस्याओं का समाधान नहीं | भारत में मुस्लिम समुदाय अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वयं करता है

## *भारत के खिलाफ सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद*


यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश फाइल फोटो

हरीश ने कहा कि 'इस्लामिक सहयोग संगठन' ने बार-बार भारत के खिलाफ झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। इस संगठन को हमारे पश्चिमी पड़ोसी ने भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने की व्यवस्थित तरीके से कोशिश की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को धार्मिक पहचान का राजनीतिक इस्तेमाल और संकीर्ण उद्देश्यों के लिए इसके दुरुपयोग के बढ़ते खतरे पर ध्यान देना चाहिए।

**यूएन धर्म और राजनीति से ऊपर**

हरीश ने कहा कि इतिहास गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण समस्याओं का समाधान नहीं करता, बल्कि इससे विभाजनकारी सोच को बढ़ावा मिलता है। संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी संस्था है जो धर्म, संस्कृति और राजनीति से ऊपर है। इसकी विश्वसनीयता इसकी सार्वभौमिकता और निष्पक्षता में है। इसलिए हम ऐसे ढांचों से सावधान रहने की अपील करते हैं जो केवल एक धर्म पर केंद्रित हों।

### भारत में 20 करोड़ मुस्लिम आबादी

भारत में 20 करोड़ से अधिक मुस्लिम आबादी का उल्लेख करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू कश्मीर समेत भारत में मुस्लिम समुदाय अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वयं करता है। यूएन में जो 'फोबिया' दिखाई देता है, वह भारत में सभी समुदायों, विशेषकर मुस्लिम समुदायों के बीच मौजूद बहुसांस्कृतिक और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के खिलाफ है। ऐसे विमर्श भारत के मूल स्वभाव के विपरीत हैं और इसके बजाए उस सांप्रदायिकता और आतंकवादी मानसिकता को दर्शाते हैं, जिसे यह देश अपनी स्थापना से बढ़ावा देता आया है।

संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी

# प्रांत व्यवस्था खत्म करेगा संघ, संभाग आधारित नई संरचना की तैयारी, मध्य मालवा और महाकौशल प्रांत होंगे खत्म, संपूर्ण प्रदेश में एकीकृत होगा नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरएसएस मध्यप्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी में है। संघ अब तक चल रही प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई संरचना लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। इस बदलाव के तहत प्रदेश में वर्तमान में मौजूद मध्य, मालवा और महाकौशल प्रांत की व्यवस्था समाप्त की जा सकती है और पूरे प्रदेश में संगठन का संचालन एकीकृत ढांचे के तहत किया जाएगा।

संघ के सूत्रों के मुताबिक संगठन की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के बाद अब प्रशासनिक और संचालन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए यह बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद संगठन की गतिविधियां अलग-अलग प्रांतों के बजाय संभाग स्तर पर संचालित होंगी।


फाइल फोटो

### 46 जिलों की जगह 80 से ज्यादा संगठनात्मक इकाइयों पर विचार

संघ की हालिया बैठकों में संगठन के विस्तार और प्रभावी संचालन को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। इसमें प्रदेश में मौजूदा 46 जिलों की जगह 80 से अधिक संगठनात्मक इकाइयों का ढांचा तैयार करने का प्रस्ताव सामने आया है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सभी संभाग सीधे प्रदेश संगठन के अंतर्गत काम करेंगे। इससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी और कार्यक्रमों का संचालन पूरे प्रदेश में एक समान तरीके से किया जा सकेगा।

### प्रदेश स्तर पर मजबूत होगा नेतृत्व

संघ के भीतर इस बदलाव को संगठनात्मक रूप से बड़ा कदम माना जा रहा है। अभी तीन प्रांतों में नेतृत्व अलग-अलग स्तर पर काम करता है, लेकिन नई व्यवस्था में प्रदेश स्तर पर नेतृत्व अधिक मजबूत और केंद्रीकृत हो जाएगा। संघ के जानकारों का मानना है कि इससे संगठन की रणनीति और कार्यक्रमों को पूरे प्रदेश में समान रूप से लागू करना

### तेजी से बढ़ीं शाखाएं और गतिविधियां

*संघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश में शाखाओं और सामाजिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके चलते संगठनात्मक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसी के चलते अब प्रांत व्यवस्था को खत्म कर संभाग आधारित नई प्रणाली लागू करने की तैयारी की जा रही है, जिससे संघ की गतिविधियों का संचालन अधिक संगठित और प्रभावी तरीके से किया जा सके।*

## खबर संक्षेप

### विक्रम व्यापार मेले की अवधि अब 29 मार्च तक

**उज्जैन।** शहर में चल रहे विक्रम व्यापार मेले की अवधि 10 दिन बढ़ा दी गई है। अब मेले में 29 मार्च 2026 तक वाहन खरीदे जा सकेंगे। राज्य शासन द्वारा नॉन-कमर्शियल वाहनों पर 50 प्रतिशत कर छूट की सुविधा दी जा रही है। इसी छूट का लाभ लेने के लिए मेले में बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने पहुंच रहे हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए मेले की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब इच्छुक लोग 29 मार्च तक उज्जैन के विक्रम व्यापार मेले में दोपहिया और चारपहिया वाहन खरीदकर कर छूट का लाभ ले सकेंगे। शासन की इस सुविधा से वाहन खरीदारों के साथ-साथ ऑटोमोबाइल कारोबारियों को भी राहत मिलने की उम्मीद है।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**भोपाल।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी सृष्टि महिला मंडल समिति द्वारा एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छोला थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने महिला अधिकारों, सुरक्षा तथा कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था की अध्यक्ष राजकुमारी जोशी ने कहा कि महिलाओं की जागरूकता और सशक्तिकरण समाज के विकास के लिए आवश्यक है।

### हर कार्यकर्ता की भूमिका होती है महत्वपूर्ण : हाड़ा

**भोपाल।** भाजपा भोपाल नगर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक सोमवार को अटल भवन स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं भोपाल के जिला प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा उपस्थित रहे। हाड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### बिना सुरक्षा इंतजामों के गोदाम में भरा प्लास्टिक

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के भेल टाउनशिप क्षेत्र में बिना सुरक्षा इंतजामों एवं नियमों के ही गोदाम आदि किराये पर दिये जाने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भेल नगर प्रशासन द्वारा रिहायशी इलाके के बीचों-बीच स्थित एक बड़े गोदाम को किराये पर दे दिया गया है।

100 दिवसीय अभियान में जल संरक्षण के होंगे कार्य, जनआंदोलन बनाने का लिया संकल्प

# नववर्ष प्रतिपदा पर शिप्रा तट उज्जैन में 19 मार्च से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल संबंधी जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से प्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरु करने जा रही है। भारतीय नववर्ष प्रतिपदा (गुढ़ी पड़वा) के शुभ अवसर पर 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से इस राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 30 जून तक अनवरत चलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि जल संरक्षण को एक सामाजिक आंदोलन बनाना है। प्रदेश की जनता, पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न शासकीय विभागों की साझेदारी से यह अभियान प्रदेश में जल संवर्धन की नई मिसाल स्थापित करेगा।

### वृहद अभियान के लिए सरकार कर रही व्यापक तैयारी

### बूंद-बूंद बचाने के लिए किए जाएंगे हर संभव प्रयास



फाइल फोटो।

### नई जल संरचनाएं बनाना उद्देश्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण की परम्परा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल से ही तालाब, कुएं और बावड़िया सिर्फ जल के स्रोत न होकर सामाजिक जीवन का केंद्र हुआ करते थे। सरकार उसी परम्परा को आधुनिक तकनीक और जनभागीदारी के जरिए पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य नई जल संरचनाएं बनाने के साथ ही प्रदेश में जल संरक्षण की संस्कृति को समृद्ध करना भी है। अभियान से गांव-गांव में लोगों को यह समझाया जाएगा कि वर्षा जल का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और जल स्त्रोतों का संरक्षण जीवन और विकास दोनों के लिए अनिवार्य है।

### पहले चरण में बनीं 2.79 लाख जल संरचनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024 में राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का पहला चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए। पहले चरण में कुल 2.79 लाख से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण और पुनर्जीवन किया गया।

### दूसरे चरण के काम भी हो रहे तेजी से

वर्ष-2025 में चलाए गए जल संरक्षण अभियान के दूसरे चरण में भी व्यापक स्तर पर कार्य हुए। इस चरण में प्रदेश में 72 हजार 647 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 64 हजार 395 जल संरचनाओं का निर्माण कार्य अभी भी प्रगति पर है। इन कार्यों में खेत तालाब, चेक डैम, स्टॉप डैम, नहर, कुएं, बावड़िया तथा अन्य जल संचयन संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में जल उपलब्धता को स्थायी रूप से बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करे। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समाज और सरकार मिलकर काम करेंगे, तो प्रदेश जल समृद्ध राज्य बन सकता है। जल गंगा संवर्धन अभियान से जल संरक्षण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, साथ ही इसके दूरगामी पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ भी होंगे। जलवायु परिवर्तन और अनियमित वर्षा की चुनौती के दृष्टिगत जल प्रबंधन आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। प्रदेश सरकार का यह अभियान इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

दबाव बनाकर शपथ-पत्र पर करवाए गए हस्ताक्षर रहवासियों ने पेश किए काउंटर एफिडेविट

# कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मतदाताओं के संबंध में की गई शिकायत को लेकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज पचौरी ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मंडल अध्यक्ष पचौरी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा हिंदू मतदाताओं को परेशान करने और भ्रम फैलाने के उद्देश्य से झूठी शिकायत की गई थी। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पचौरी अपने वकीलों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे और इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि संबंधित प्रकरण में रिटर्निंग ऑफिसर एवं बीएलओ द्वारा की गई जांच में सभी मतदाता सही पाए गए थे। इसके बावजूद दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा दबाव बनाकर कुछ लोगों से एफिडेविट दिलवाए गए। पचौरी ने निर्वाचन अधिकारी को रहवासी मतदाताओं द्वारा दिए गए काउंटर एफिडेविट भी सौंपे। रहवासी मतदाता पोखन लाल साहू और हमीर सिंह यादव ने भी अपने काउंटर एफिडेविट प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि उनसे दबाव बनाकर हस्ताक्षर कराए गए थे।

### एसडीएम स्तर की जांच में तथ्य गलत

अधिवक्ता ओम पाटीदार ने बताया कि 7 मार्च को दिग्विजय सिंह और मनोज शुक्ला द्वारा चुनाव आयोग में शिकायत की गई थी, जिसमें नरेला विधानसभा की रतन कॉलोनी के एक घर में 30 मतदाताओं के नाम होने का दावा किया गया था। हालांकि एसडीएम स्तर पर हुई जांच में यह दावा पूरी तरह गलत और निराधार पाया गया। मंडल अध्यक्ष पचौरी ने कहा कि एक विशेष वर्ग को लाभ पहुंचाने और हिंदू मतदाताओं को परेशान करने के उद्देश्य से इस प्रकार की मनगढ़ंत शिकायतें की जा रही हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि इस प्रकार की झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो वे न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

# रसोई गैस संकट के बीच रायपुर में घर में घुसकर सिलेंडर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में गैस की किल्लत के बीच अब सिलेंडर चोरी की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। ताजा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहां अज्ञात चोर एक मकान की दीवार फांदकर आंगन में रखा गैस सिलेंडर चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बजाज कॉलोनी सेक्टर-7, न्यू राजेंद्र नगर निवासी रितेश (45) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे सिविल इंजीनियर हैं और उनके घर के आंगन में एचपी कंपनी का खाली गैस सिलेंडर रखा हुआ था। सुबह करीब 4:30 बजे से पांच बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने घर की दीवार फांदकर अंदर प्रवेश किया और आंगन में रखा खाली गैस सिलेंडर लेकर फरार हो गया। पीड़ित के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने अपने स्तर पर सिलेंडर की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद राजेंद्र नगर थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



### 2000 रुपए बताई गई कीमत

चोरी हुए सिलेंडरों की कीमत करीब 2000 रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

### आपूर्ति पर 20 से 25 प्रतिशत तक का कोटा निर्धारित

एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराने पर तेल कंपनियों ने गैस एजेंसियों को होने वाली आपूर्ति पर 20 से 25 प्रतिशत तक का कोटा निर्धारित कर दिया है। यानी अब मांग के अनुरूप नहीं, बल्कि तय कोटे के आधार पर ही सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

### 741 अवैध गैस सिलेंडर जब्त

प्रदेश के पांच बाटलिंग प्लांटों में पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है, जिसे 540 वितरकों के माध्यम से नियमित रूप से सप्लाई किया जा रहा है। प्रशासन ने जमाखोरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अब तक 102 स्थानों पर कार्रवाई कर 741 अवैध गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

# क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने की टोली सदस्यों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम जारी है। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान - 2026 के टोली सदस्यों की बैठक की। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# भारतमाला मुआवजा घोटालाः फरार एसडीओ निर्भय साहू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बहुचर्चित भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए जांच एजेंसी ने लंबे समय से फरार चल रहे तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) एवं सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन) अभनपुर निर्भय कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपए के फर्जी मुआवजा वितरण का गंभीर आरोप है। ब्यूरो में दर्ज अपराध क्रमांक 30/2025 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज है। यह पूरा मामला रायपुर-विशाखापट्नम एवं दुर्ग बायपास भारतमाला परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी से जुड़ा हुआ है। जांच में सामने आया है कि साहू ने वास्तविक मुआवजे से कई गुना अधिक राशि जारी की।

पंडित कुंजीलाल दुबे संसदीय विद्यापीठ में 'क्षेत्रीय दलों की भूमिका और राष्ट्रीय एकता' पर वैचारिक मंथन

# राष्ट्रहित के विचार सर्वोपरि होना चाहिए : विधायक सबनानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है विषय पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। सबनानी ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

# री-एजेंट, भारतमाला परियोजना घोटाले में ईडी ने 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को छत्तीसगढ़ के दो बहुचर्चित री-एजेंट (चिकित्सा उपकरण) खरीदी और भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला में कार्रवाई करते हुए 103 करोड़ रुपये से अधिक की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

**सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगा**

जब्त की गई संपत्तियों में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र स्थित आलीशान मकान, भूखंड और फैक्ट्रियां शामिल हैं। चिकित्सा उपकरण घोटाले की 80.36 करोड़ की संपत्ति अटैच ईडी जोनल ऑफिस की जांच में साफ हुआ है कि दुर्ग की मोक्षित कॉरपोरेशन के संचालक शशांक चोपड़ा ने स्वास्थ्य विभाग और छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ मिलकर टेंडर प्रक्रिया में भारी हेरफेर की।

### हरमीत खनूजा की 23.35 करोड़ की सपंत्ति कुर्क

रायपुर-विशाखापत्तनम राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना (भारतमाला) के तहत जमीन अधिग्रहण में हुए खेल पर भी ईडी ने शिकंजा कसा है। जांच में पाया गया कि भू-माफिया और सरकारी कर्मचारियों ने मिलकर राजस्व रिकॉर्ड में पिछली तारीखों में बदलाव किया।

### खाली चेक और बैंकिंग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए

घोटाले के मुख्य आरोपी हरमीत सिंह खनूजा और उसके सहयोगियों ने भू-स्वामियों से खाली चेक और बैंकिंग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। अधिसूचना जारी होने के बाद जमीन के टुकड़ों का फर्जी उप-विभाजन किया गया, ताकि मुआवजा राशि कई गुना बढ़ जाए। कुल 27.05 करोड़ रुपए के घोटाले में से ईडी ने खनूजा और उसके सहयोगियों की 23.35 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया।

हायर रेट की रजिस्ट्रियां देखकर प्रस्तावित कर दिए बढ़े हुए दाम

# निर्मल सिटी भानपुर में 181, मुर्गी बाजार में 150 फीसदी महंगे होंगे मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजीयन विभाग जनप्रतिनिधि और आम लोगों के विरोध को दरकिनार कर रहा है। पिछले दिनों कलेक्टोरेट में रखी गई जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में समिति के सदस्य और विधायक भगवानदास सबनानी ने अफसरों से शहर भर में प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाने को लेकर सवाल किए थे, जिसको लेकर अफसरों ने पूरा ब्यौरा पेश करने की बात कही थी, लेकिन प्रस्तावित गाइडलाइन में अब तक कोई बदलाव नहीं किया गया है। पंजीयन ने इस बार सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भानपुर की निर्मल सिटी में 181 फीसद पेश की है, जबकि जहांगीराबाद के मुर्गी बाजार में भी डेढ़ फीसद तक दाम बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि प्रस्तावित दामों को लेकर जांच कराई जा रही है। जहां जरूरत होगी, वहीं पर दाम बढ़ाए जाएंगे।

पंजीयन विभाग ने इस बार 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव पेश किया है। जबकि 795 लोकेशन को मर्ज किया जा रहा है, जिससे इन जगहों पर भी प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। पंजीयन विभाग के प्रस्तावित ड्राफ्ट में नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी बढ़ोतरी निर्मल सिटी भानपुर में दर्ज की गई है, जहां पर 6400 प्रति वर्गमीटर के रेट को बढ़ाकर 18 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 181 फीसदी की बढ़ोतरी हो रही है। इसी तरह मुर्गी बाजार जहांगीराबाद में भी 32 हजार रुपए प्रतिवर्गमीटर को बढ़ाकर 80 हजार रुपए कर दिया है, जिससे यहां 150 फीसद तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। निशातपुरा सड़क पर भी 166 फीसद तक बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में सौ फीसदी तक बढ़ोतरी की जा रही है।

### 90 लोकेशन पर 50% बढ़ोतरी

पंजीयन विभाग के अफसरों की मनमानी का आलम यह है कि बढ़ोतरी वाली लोकेशनों में 90 लोकेशन ऐसी हैं, जहां पर पचास और पचास प्रतिशत से अधिक बढ़े हुए दाम प्रस्तावित कर दिए हैं। अफसरों ने इस बार भी नए ड्राफ्ट को ऑनलाइन जारी किया था, जबकि दफ्तरों में ऑफलाइन भी ड्राफ्ट को रखा जाना था। परी बाजार स्थित दफ्तर में कर्मचारी संदीप अटल ने गाइडलाइन का ड्राफ्ट देखने आए कई लोगों को यह कहकर लौटा दिया कि ऑनलाइन देखना पड़ेगी। इधर वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वपनेश शर्मा का कहना है कि आम लोगों से मिले दावे-आपत्तियों की जांच की जा रही है, जिसके बाद बैठक में रखा जाएगा।

### निगम क्षेत्र की टॉप टेन बढ़ोतरी वाली लोकेशन

| लोकेशन | वर्तमान(आ/व्या) | वित(आ/व्या) | बढ़ोतरी% |
|---|---|---|---|
| निर्मल सिटी | 6400/9600 | 18000/27000 | 181/181 |
| निशातपुरा सड़क | 15000/30000 | 40000/80000 | 166/166 |
| समर ग्रीन | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| यशोदा नगर | 6400/9600 | 16000/24000 | 150/150 |
| मुर्गी बाजार | 32000/48000 | 80000/110000 | 150/129 |
| मालीपुरा | 25000/37500, | 60000/75000 | 140/100 |
| भोपाल टॉकीज से सेफिया | 30000/45000 | 72000/110000 | 140/144 |
| बगलामुखी नगर | 12800/19200, | 26900/40400 | 110/110 |
| विजय लक्ष्मी होम | 9600/14400, | 20000/30000 | 108/108 |
| विजय लक्ष्य होम | 9600/14400 | 20000/30000 | 108/108 |

नोट- राशि प्रतिवर्ग मीटर में है।

## हाईकोर्ट ने केंद्र शासन सहित अन्य से मांगा जवाब

# नवोदय स्कूल के प्रवेश में ईडब्ल्यूएस को स्थान क्यों नहीं दे रहे

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जवाहर नवोदय स्कूल के प्रवेश में ईडब्ल्यूएस को स्थान न दिए जाने के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने केंद्र शासन व जवाहर नवोदय विद्यालय समित सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। याचिकाकर्ता नाबालिग छात्रा नव्या तिवारी की ओर से अभिभावक अधिवक्ता धीरज तिवारी ने याचिका दायर की है। उनकी ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नवोदय विद्यालयों की



स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। लिहाजा, ईडब्ल्यूएस वर्ग को बाहर रखना नीति के उद्देश्य के विपरीत है। जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ग्रामीण छात्रों, बालिकाओं और दिव्यांग छात्रों के लिए विस्तृत आरक्षण व्यवस्था लागू है। लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए कोई भी आरक्षण या विशेष प्रविधान नहीं किया गया है। इससे इस वर्ग के छात्र पूरी तरह से बाहर हो जाते हैं। देश में वर्तमान में लगभग 650 से अधिक नवोदय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें करीब 2.9 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। याचिकाकर्ता की पुत्री छठवीं कक्षा में प्रवेश चाहती है, लेकिन ईडब्ल्यूएस को आरक्षण न मिलने के कारण वंचित है।

## प्रेम संबंध पर हत्या करने वालों को आजीवन कारावास

जबलपुर । जिला अदालत ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने के आरोपी जबलपुर निवासी गुड्डल उर्फ रूपलाल चौधरी व लक्खु उर्फ सुनील चौधरी का दोष सिद्ध पाया। न्यायाधीश सुनील कुमार मालवीय की कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही ढ़ाई-ढ़ाई हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमा चौधरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 22 जनवरी, 2024 को रोहन चौधरी की हत्या हो गई थी। हनुमानताल पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था। पतासाजी में तथ्य सामने आया कि आरोपियों ने मृतक के एक युवती के साथ भाग जाने से नाराज होकर हमला किया था। आरोपी मौके की तलाश में थे। जैसे ही रोहन पकड़ में आया, उस पर धारदार चाकू से हमला बोल दिया। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसकी जान चली गई।

## हाईकोर्ट में नियुक्ति का कानूनी अधिकार साबित नहीं कर सके याचिकाकर्ता

# रेलवे द्वारा जमीन अधिग्रहण पर नौकरी को लेकर दायर याचिका खारिज

**जबलपुर**। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ ने रेलवे की ललितपुर-सिंगरौली (खजुराहो) रेल लाइन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी की मांग करने वाले 6 याचिकाकर्ताओं को राहत देने से इंकार कर दिया है। अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि जब आवेदकों के पास आवेदन के समय आवश्यक शैक्षणिक योग्यता ही नहीं थी, तब वे नियुक्ति का दावा नहीं कर सकते। इस मत के साथ न्यायालय ने केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (केट) की जबलपुर बेंच के आदेश को सही ठहराते हुए याचिकाकर्ताओं की याचिकाएं खारिज कर दीं।

यह मामला राकेश कुशवाहा व अन्य से जुड़ा है जिनकी जमीन रेलवे परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई थी। जमीन अधिग्रहण के बाद उन्होंने भारतीय रेलवे में नियुक्ति देने की मांग करते हुए पहले केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण का रुख किया था। जहां अधिकरण ने 1 मई 2025 को पारित अपने आदेश में उनके मूल आवेदनों को खारिज कर दिया था। इसी आदेश को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। याचिका में कहा गया था कि रेलवे की नीति के तहत जिन लोगों की जमीन रेलवे परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जाती है, उन्हें रोजगार सहायता के रूप में रेलवे में नौकरी देने का प्रावधान है। उन्होंने न्यायालय को बताया कि इसी योजना के तहत कई अन्य प्रभावित लोगों को पहले ही नियुक्ति मिल चुकी है। इसी आधार पर याचिकाकर्ताओं ने पहले अधिकरण और बाद में उच्च न्यायालय से याचिका के माध्यम से अनुरोध किया था कि रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि वे उनकी नियुक्ति के दावे पर विचार करें और उन्हें रेलवे में नौकरी प्रदान करें।



मामले की सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि याचिकाकर्ताओं के आवेदन इसलिए खारिज किए गए क्योंकि आवेदन करते समय उनके पास न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता यानी 10वीं कक्षा उत्तीर्ण नहीं थी। रेलवे की संबंधित नीति और 14 अक्टूबर 2016 की अधिसूचना के अनुसार, ग्रुप 'डी' पदों पर नियुक्ति के लिए कम से कम 10वीं पास, आईटीआई या समकक्ष योग्यता आवश्यक थी। लेकिन रिकॉर्ड के अनुसार याचिकाकर्ताओं ने अपने प्रारंभिक आवेदन में अपनी शैक्षणिक योग्यता आठवीं कक्षा पास बताई थी। इस कारण वे निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते थे और उनके आवेदन खारिज कर दिए गए। याचिकाकर्ताओं की ओर से न्यायालय में यह दलील दी गई कि उन्होंने बाद में 10वीं की परीक्षा पास कर ली और उसके बाद अपनी मार्कशीट के साथ दोबारा आवेदन प्रस्तुत किया। उनका कहना था कि रेलवे अधिकारियों को इस बाद के विकास को ध्यान में रखते हुए उनके दावे पर विचार करना चाहिए था। संयुक्तपीठ ने इस तर्क को अस्वीकार करते हुए कहा कि पात्रता का आंकलन आवेदन के समय की स्थिति के आधार पर किया जाता है, न कि बाद में प्राप्त की गई योग्यता के आधार पर। न्यायालय ने यह भी कहा कि जब याचिकाकर्ताओं के पहले आवेदन को शैक्षणिक योग्यता की कमी के आधार पर खारिज किया गया था, तब उन्होंने उस आदेश को समय रहते चुनौती नहीं दी। नतीजतन वह आदेश अंतिम हो गया। बाद में जब उन्होंने नई योग्यता के आधार पर फिर से आवेदन किया और वह भी खारिज हो गया, तब उन्होंने इस मुद्दे को न्यायालय में उठाया लिहाजा इतनी देर से उठाया गया यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि उनके आवेदन को खारिज करने की प्रक्रिया में भूमि अधिग्रहण अधिकारी और रेलवे के उप मुख्य अभियंता की रिपोर्ट पर आधारित निर्णय लिया गया, जो उनके अनुसार सक्षम प्राधिकारी नहीं थे। उच्च न्यायालय ने इस दलील को भी इस उमत के साथ खारिज कर दिया कि रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि याचिकाकर्ताओं के आवेदन सक्षम प्राधिकारी के समक्ष रखे गए थे और संबंधित नीति के अनुसार विचार के बाद ही उन्हें खारिज किया गया था। सनिवाई के दौरान ही याचिकाकर्ताओं की ओर से एक अन्य मामले "चरण प्रकाश कुशवाहा बनाम भारत संघ" में अधिकरण द्वारा दिए गए आदेश का हवाला दिया गया था। इस पर संयुक्तपीठ ने कहा कि वह आदेश इस मामले पर बाध्यकारी नहीं है और उस निर्णय में नीति के प्रावधानों की सही व्याख्या नहीं की गई थी। इसलिए उसे इस मामले में लागू नहीं किया जा सकता। सभी तर्कों को सुनने के बाद न्यायालय ने कहा कि न्यायिक समीक्षा के अधिकार का उपयोग करते हुए अदालत को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण के आदेश में कोई अवैधता, त्रुटि या अधिकार क्षेत्र से जुड़ी गलती दिखाई नहीं देती। अधिकरण ने उपलब्ध तथ्यों, नियमों और रेलवे की नीति के आधार पर ही अपना निर्णय दिया है। इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद संयुक्तपीठ ने निष्कर्ष निकाला कि याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल रहे हैं कि उन्हें रेलवे में नियुक्ति पाने का कोई कानूनी अधिकार प्राप्त है। अपने आदेश में न्यायालय ने कहा कि जब आवेदन के समय वे आवश्यक पात्रता शर्तों को पूरा ही नहीं करते थे और बाद में संबंधित नीति भी वापस ले ली गई, तो नियुक्ति का दावा स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस मत के साथ उच्च न्यायालय ने दायर याचिका खारिज कर दी।

**कार्रवाई नहीं होने से भड़के ग्रामीण**

## श्मशान मार्ग विवाद : निजी जमीन का रास्ता किया बंद

**जबलपुर**। जबलपुर जिले की पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाली गुरु पिपरिया ग्राम पंचायत में श्मशान भूमि और रास्ते को लेकर पिछले दो महीनों से विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि सीमांकन के बाद भी कब्जाधारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों के अनुसार मामले की शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई में की गई थी। इसके बाद 10 फरवरी को प्रशासनिक टीम द्वारा श्मशान भूमि का सीमांकन किया गया। सीमांकन में श्मशान तक जाने के लिए सरकारी भूमि चिन्हित की गई थी, लेकिन करीब एक महीने बीत जाने के बावजूद कब्जाधारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कई बार तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए, लेकिन केवल आश्वासन ही मिला। इसी बीच गांव के निवासी पहाड़ी नामक व्यक्ति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार के लिए श्मशान तक रास्ते की समस्या को लेकर 7–8 ग्रामीण अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से मिलने पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीएम ने कहा, "गांव में तो सभी लोग कहीं न कहीं कब्जा किए हुए हैं, आप लोग भी कब्जा किए होंगे।" इस बयान से ग्रामीणों में नाराजगी फैली और उन्होंने इसे बिना प्रमाण लगाया गया आरोप बताया। सीमांकन के दौरान बनाए गए पंचनामा में विवाद और अभद्र व्यवहार करने वालों के नाम भी दर्ज हैं। लेकिन अब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। विवाद बढ़ने के बाद गांव के कुछ लोगों ने, जो वर्षों से श्मशान जाने के लिए अपनी निजी भूमि का हिस्सा खुला छोड़ रखे थे, आक्रोश में आकर उस रास्ते को भी बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जब श्मशान की सरकारी भूमि से कब्जा नहीं हटाया जा रहा है तो वे अपनी निजी भूमि क्यों दें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही श्मशान भूमि से कब्जा हटाने और स्थायी रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई तो वे फिर से कलेक्टर के समक्ष यह मामला उठाएंगे।

## अपर कलेक्टर ने की राजस्व वसूली की समीक्षा

**बकायदारों को अंतिम सूचना पत्र जारी करने के दिये निर्देश**

**पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराने वालों पर करें नियमानुसार कार्यवाही**

**जबलपुर**। जिले में पदस्थ राजस्व निरीक्षकों को अपर कलेक्टर अभिषेक गहलोत ने राजस्व वसूली में गति लाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बड़े बकायादारों राजस्व वसूली में सख्ती बरतने के निर्देश भी राजस्व निरीक्षकों को दिये। श्री गहलोत आज मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व वसूली की समीक्षा के लिये आयोजित को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्व निरीक्षकों को बकायदारों को अंतिम सूचना पत्र जारी कर उनसे राजस्व की बकाया राशि का शासन के पक्ष में भुगतान सुनिश्चित कराने तथा तय समय के भीतर राशि जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। अपर कलेक्टर ने ऐसे बड़े बकायादारों से वसूली में सख्ती बरतने के निर्देश राजस्व निरीक्षकों को दिये हैं, जिन्होंने अवधि समाप्त होने के बाद भी पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराया है। बैठक में राजस्व निरीक्षकों को गोरखपुर, आधारताल और राँझी तहसील के बड़े बकायादारों की सूची भी सौंपी गई और उन्हें अंतिम नोटिस जारी कर डायवर्सन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने कहा गया। बड़े बकायादारों की सूची में गोरखपुर तहसील के 46, आधारताल तहसील के 30 तथा राँझी तहसील के 5 बकायेदार शामिल हैं।

**एक सटोरिया पांच जुआड़ी गिरफ्तार**

**जबलपुर**। क्राईम ब्रांच और बेलबाग पुलिस ने भानतलैया में सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए तथा पांच जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके पास से नगद 6 हजार 300 रुपए जब्त किए है।बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत दिवस क्राईमब्रांच और बेलबाग की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर भानतलैया बप्पा स्टील के पीछे सट्टा पट्टी लिख रहे भानतलैया सिंधी कैंप हनुमानताल निवासी 58 वर्षीय दिलीप चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर खटीक मोहल्ला निवासी शेखर सोनकर के कहने पर सट्टा पट्टी लिखना जिसके एवज में 300 रूपये दिहाड़ी देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी दिलीप चौधरी के कब्जे से सट्टा पट्टी स्लिप बुक तथा नगदी 5 हजार रूपये जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 4 (क) सट्टा एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई। इसी प्रकार थाना एवं क्राईम ब्रांच की सयुंक्त टीम द्वारा भानतलैया खटीक मोहल्ला पहाड़ी में जुआ मन्ना खेल रहे राहुल सोनकर , शिवम सिंह ठाकुर, अभिषेक सोनकर, संजय चौधरी और अज्जू चौधरी को गिरफ्तार कर उसके पास से ताश के 52 पत्ते तथा नगदी 1 हजार 300 रूपये जप्त करते हुये जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## जबलपुर का बजट 2026-27 पारितः महापौर ने समग्र विकास और सुन्दर शहर का विजन रखा

**जबलपुर**। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल (एम.आई.सी.) बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट पारित किया गया।



महापौर ने बताया कि यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में अधिक व्यवस्थित और व्यापक है और शहर के समग्र विकास, सुन्दरता तथा नागरिक सुविधाओं में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। महापौर ने कहा कि बजट से शहर आत्मनिर्भर बनेगा और शहर का स्वरूप महानगर के स्तर का अनुभव देगा। राइट टाउन में अधिग्रहित 25,000 वर्गफुट क्षेत्र पर बहुमंजिला व्यावसायिक मल्टी-स्टोरी कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा, जिससे निगम की आय में वृद्धि होगी। साथ ही, नागरिकों को आवारा श्वानों से राहत देने, 100 प्रतिशत बधियाकरण पर विशेष फोकस, डेली नीड्स की दुकानें खोलना और स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करना इस बजट की प्राथमिकताओं में शामिल है। नर्मदा प्रसादम मार्केट में स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं को रोजगार देने के लिए 'दीदी कैफे' और पालनाघर की शुरूआत भी शीघ्र होगी। **साथ ही, शहर में नामकरण और मार्गों के आधिकारिक नामों के प्रस्ताव एम.आई.सी. से पारित किए गए हैं:** शताब्दीपुरम चौक का नाम आचार्य कृष्णकांत चतुर्वेदी चौक, छोटा फुहारा से सूजीपुरा मार्ग का नाम श्री चिंतामन साहू जी मार्ग, पी.के. कार्नर से आस्था लैब तक मार्ग का नाम संत तारण-तरण मार्ग, गढ़ा बाजार मुख्य मार्ग से श्रीरामलीला मैदान तक का मार्ग श्रीरामलीला मार्ग। बैठक में मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अरविंद शाह, विद्यानंद बाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव और अन्य विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। महापौर ने आश्वासन दिया कि बजट से प्रस्तावित और प्रचलित परियोजनाओं को तीव्र गति मिलेगी और शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित तथा सुन्दर महानगर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## स्वच्छता अभियानः महापौर, कलेक्टर और निगमायुक्त मैदान में उतरे

**जबलपुर**। शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में शीर्ष स्थान दिलाने के उद्देश्य से मंगलवार सुबह 7 बजे महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत मालवीय चौक से हुई और इसके बाद तीन पत्ती, गोल बाजार और रानीताल क्षेत्रों का दौरा किया गया। अधिकारियों ने शहर के कचरा प्रबंधन संयंत्रों का भी अवलोकन किया, जिसमें कठौंदा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट में कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और कंपोस्टिंग यूनिट्स (एबीसी, एमआरएम सहित अन्य) की गुणवत्ता की जांच शामिल थी। महापौर जगत बहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि उद्देश्य केवल सफाई नहीं बल्कि शहर की रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाना है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग और प्रशासनिक तत्परता के समन्वय से जबलपुर को देश का नंबर 1 स्वच्छ शहर बनाया जाएगा। इस अवसर पर अधिकारियों ने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी कर सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**कलेक्ट्रेट घेरने के पहले वॉटर केनन चलाई, 20 गिरफ्तार**

# प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई को पुलिस ने खदेड़ा



हरिभूमि जबलपुर।

किराए के भवनों में अवैध रुप से स्कूल संचालित किए जाने और छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को जबलपुर में बड़ा प्रदर्शन किया। गांधी टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट रैली घेराव करने जा रही थी। ओमती चौराहे पर पुलिस ने बैरीकेटिंग कर रखी थी। बैरीकैट नाकने पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हुई, इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने वॉटर केनन के साथ लाठियों का बल प्रयोग भी किया।

बताया गया है कि दोपहर करीब 2 बजे बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट की ओर प्रदर्शन करते हुए निकले. घंटाघर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता बैरिकेड पार कर आगे बढ़ने लगे. इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ा और स्थिति नियंत्रित की. इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें भी आईं. वहीं भगदड़ में कई कार्यकर्ताओं के जूते-चप्पल सड़क पर छूट गए.

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने आरोप लगाया कि जिले में कई स्थानों पर किराए की इमारतों में अवैध रूप से स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऐसे स्कूलों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही लंबे समय से लंबित छात्रसंघ चुनाव भी जल्द कराने की मांग उठाई। मामले में सीएसपी सोनू कुर्मी ने बताया कि कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट जाने का प्रयास कर रहे थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम को मौके पर बुलाकर बातचीत की कोशिश की गई, लेकिन जब कार्यकर्ता जबरन आगे बढ़ने लगे तो पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। उन्होंने बताया कि इस दौरान करीब 20 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

## अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक इस्तेमाल करते पाये जाने पर 22 रसोई गैस सिलेंडर जब्त

**जबलपुर**। रसोई गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण एवं दुरूपयोग को रोकने के कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज मंगलवार को होटल एवं रेस्टोरेंट का आकस्मिक निरीक्षण कर 22 गैस सिलेंडर जब्त किये हैं। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग की टीमों ने मंगलवार को पाटन में जैन होटल से तीन घरेलू रसोई सिलेंडरों को व्यावसायिक इस्तेमाल पाये जाने पर जब्त किया है। इसी प्रकार रांझी तहसील के अंतर्गत कार्यपालिक दंडाधिकारी मौसमी केवट के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में लकी किचिन फ्लेवर से अवैध रूप से भंडारित आठ घरेलू एवं पांच कमर्शियल गैस सिलेंडर तथा इंदिरा मार्केट स्थित श्री कृष्ण वेज थाली रेस्टोरेंट से छह घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों को व्यावसायिक इस्तेमाल करते पाये जाने पर जब्त किया गया हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 30 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू

- जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर यह कदम उठाने वाला प्रदेश का पहला बार एसोसिएशन बना, संविधान संशोधन किया गया पारित
- सामान्य सभा में यह भी निर्णय लिया-आपराधिक मामले में सजा पर बार इलेक्शन में नहीं मिलेगा वोटिंग का अधिकार
- शुरुआती दो वर्ष प्रोविजनल रहेगी बार की सदस्यता, सालाना पांच आदेश-पत्रक पेश करने पर स्थायी करेंगे सदस्यता

**जबलपुर**। जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर , सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रावधान लागू करने वाला मध्य प्रदेश का पहला बार एसोसिएशन बन गया है। यह जानकारी जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता सुधीर नायक की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आहूत हुई, जिसमें संविधान संशोधन सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया। संशोधन का वाचन जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने किया। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि किसी भी आपराधिक प्रकरण में पांच वर्ष या उससे अधिक सजा वाले वकीलों को जिला बार चुनाव में वोटिंग का अधिकार नहीं मिलेगा। यही नहीं अब नवागत वकीलों को जिला बार की प्रारंभिक दो वर्ष की सदस्यता स्थायी के स्थान पर अस्थायी यानि प्रोविजनल मिलेगी। जब वे सालाना पांच कोर्ट आदेश-पत्रक सहित आवेदन प्रस्तुत करेंगे, तभी परीक्षण करके जिला बार की सदस्यता को स्थायी किया जाएगा। इससे पूर्व चुनाव में प्रत्याशी बनने, मतदान करने और सामान्य सभा में शामिल होने की अधिकारिता नहीं मिलेगी। जिला बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेंद्र यादव ने बताया कि जिला बार का कोषाध्यक्ष पद महिला अधिवक्ता के लिए आरक्षित कर दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी का नवीन पद सृजित हुआ है, जिसे कार्यकारिणी मनोनीत करेगी। इसके लिए 10 वर्ष की वकालत अनिवार्य है। जिला बार कार्यकारिणी सदस्य रवींद्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपू, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना, मनोज तिवारी ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता व जीएस ठाकुर सहित अन्य की उपस्थिति में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके तहत जिला बार चुनाव में अब अदालत परिसर में पोस्टर चस्पा नहीं किए जा सकेंगे। इंटरनेट मीडिया व पोस्टकार्ड साइज के कार्ड या पेम्पलेट से प्रचार किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 20 प्रतिशत होगी

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बता कही। अधिकारी ने अनुसार, डिजिटल क्षेत्र की वृद्धि दर व्यापक अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी होगी। 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लूएंस 2026' में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान करती है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दर विभिन्न क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते उपयोग से और तेज होगी।

### अमोनिया के लिए रिलायंस का सैमसंग से समझौता





**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. ने दक्षिण कोरिया की सैमसंग सी एंड टी के साथ तीन अरब डॉलर की हरित अमोनिया आपूर्ति को लेकर समझौता किया है। यह समझौता 15 वर्षों के लिए हरित अमोनिया की आपूर्ति के लिए है। यह करार वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े दीर्घकालिक हरित अमोनिया समझौतों में से एक है। यह भारत को पूरी तरह से स्वदेशी मूल्य श्रृंखला के माध्यम से उत्पादित हरित ईंधन के उभरते निर्यातक के रूप में स्थापित करता है, जिसमें महत्वपूर्ण स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों का घरेलू विनिर्माण भी शामिल है। आपूर्ति वित्त वर्ष 2028-29 की दूसरी छमाही में शुरू होगी।

### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स को 2,471 करोड़ रुपए के नए ठेके मिले





**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) को करीब 2,471 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी बयान के अनुसार, इन ठेकों में देश में एक भूमिगत मेट्रो रेल परियोजना भी शामिल है जिसे संयुक्त उद्यम/संघ के माध्यम से हासिल किया गया है। इसके अलावा कंपनी को विद्युत पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) क्षेत्र में देश एवं विदेश दोनों बाजारों से परियोजनाएं मिली हैं।
साथ ही भारत में भवन व कारखाना (बीएंडएफ) क्षेत्र में भी ठेके मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, इन ठेकों से हमारी ऑर्डर बुक और मजबूत हुई है ।

# रेनो की 'डस्टर' नए अवतार में लौटी, कीमत 10.49 लाख से शुरू

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी वाहन विनिर्माता रेनो ने मंगलवार को भारतीय बाजार में अपनी मध्यम आकार की एसयूवी 'डस्टर' के पूरी तरह नए अवतार को 10.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। रेनो के पूर्ण-स्वामित्व वाली भारतीय इकाई रेनो इंडिया ने यहां एक कार्यक्रम में नई डस्टर के टर्बो पेट्रोल संस्करण को बिक्री के लिए जारी करते हुए कहा कि देशभर में इसकी डिलिवरी अब शुरू हो गई है। हिडाल्गो ने कहा कि डस्टर को मिल रहे समर्थन को देखते हुए कंपनी को अगले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में एक अच्छी हिस्सेदारी हासिल करने की उम्मीद है। फिलहाल कंपनी की बाजार हिस्सेदारी एक प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने डस्टर के हाइब्रिड संस्करण के अपने खंड में सबसे आगे रहने का भरोसा जताते हुए कहा कि यह शहर में 80 प्रतिशत तक बैटरी पर चलने में सक्षम है।

## नई डस्टर टर्बो पेट्रोल संस्करण में पेश की गई

### पांच संस्करणों में उपलब्ध

नई डस्टर में टर्बो टीसीई 1.0 लीटर और 1.6 लीटर वाले दो इंजन विकल्प उपलब्ध हैं। इसे मैनुअल ट्रांसमिशन के अलावा डीसीटी ट्रांसमिशन के साथ भी पेश किया गया है। पांच संस्करणों में उपलब्ध इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपये रखी गई है। हालांकि, 31 मार्च तक बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को यह संस्करण 10.29 लाख रुपये की शोरूम कीमत पर ही मिल जाएगा।





### सात साल की वारंटी की घोषणा

रेनो ने इस एसयूवी को फुल एलईडी लाइटिंग, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट, एडास फीचर और 360 डिग्री कैमरा जैसे फीचर के साथ पेश किया है। कंपनी ने इस पर सात साल की वारंटी की भी घोषणा की है। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) फ्रांसिस्को हिडाल्गो ने इस मौके पर कहा, नई डस्टर भारतीय ग्राहकों की उम्मीदों के अनुरूप मजबूत प्रदर्शन, टिकाऊपन और रोजमर्रा की उपयोगिता वाली खूबियों से लैस है।

### महानगरों में मिली 40 फीसदी बुकिंग

इस संस्करण को महानगरों में लगभग 40 प्रतिशत बुकिंग मिली हैं और वर्ष 2026 के लिए निर्धारित हाइब्रिड क्षमता पूरी तरह से बुक हो चुकी है। नई डस्टर को देशभर में रेनो के 350 से अधिक बिक्री और 450 से अधिक सर्विस सेंटर के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

## अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने जारी की रिपोर्ट

# देश में 2030 के बाद घटेगा कामकाजी आबादी का अनुपात, रोजगार सृजन की रफ्तार बढ़ाना जरूरी

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

देश में आने वाले समय में रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और बढ़ जाएगी क्योंकि जनसांख्यिकीय लाभ सीमित समय के लिए ही उपलब्ध रहेगा और 2030 के बाद कामकाजी आयु वर्ग की आबादी का अनुपात घटने लगेगा। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

**चार दशक में युवाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ**

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' में देश के युवाओं की शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिक्षित एवं आकांक्षी युवाओं की बढ़ती संख्या को रोजगार बाजार में प्रभावी ढंग से शामिल करना भारत के जनसांख्यिकीय लाभ को आर्थिक वृद्धि में तब्दील करने के लिए निर्णायक होगा।

## जनसांख्यिकीय लाभ सीमित समय के लिए ही उपलब्ध

### उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत पहुंची

इसमें कहा गया है कि 2030 के बाद कामकाजी आबादी का अनुपात घटने लगेगा जिससे रोजगार सृजन की गति बढ़ाने की जरूरत और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। रिपोर्ट कहती है, पिछले चार दशक में युवाओं की शिक्षा के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और उच्च शिक्षा में नामांकन दर 28 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है।



### पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज

हालांकि, पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है। यह 2017 के 38 प्रतिशत से घटकर 2024 के अंत तक 34 प्रतिशत रह गई है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि पुरुष अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं। उच्च शिक्षा संस्थानों का दायरा भी बढ़ा है। प्रति लाख युवाओं पर कॉलेज की संख्या 2010 के 29 से बढ़कर 2021 में 45 हो गई, जिसमें निजी संस्थानों की बड़ी भूमिका रही है।

### उच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी

उच्च शिक्षा में गरीब परिवारों की भागीदारी बढ़ी है, जो 2007 के आठ प्रतिशत से बढ़कर 2017 में 15 प्रतिशत हो गई है लेकिन आर्थिक बाधाएं अब भी बनी हुई हैं। महंगे पेशेवर पाठ्यक्रमों....मसलन इंजीनियरिंग व मेडिकल में अपेक्षाकृत संपन्न वर्ग के छात्र-छात्राओं की भागीदारी अधिक रहती है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की अध्यक्ष इंदु प्रसाद ने कहा, ''आज पहले से अधिक युवा शिक्षित और जागरूक हैं और वे कुछ करने के इच्छुक हैं, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।''

### स्नातक युवाओं की वेतन वृद्धि धीमी पड़ी

हालांकि, स्नातक युवाओं को आय के मामले में लाभ मिलता है और उनकी शुरुआती कमाई गैर-स्नातकों के मुकाबले लगभग दोगुनी होती है। इसके बावजूद 2011 के बाद युवा पुरुष स्नातकों के वेतन में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी है। इसमें सामने आया कि युवा तेजी से कृषि क्षेत्र से हटकर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हैं।

### आईटी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), मोटर वाहन और व्यावसायिक सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जबकि पेशेवर क्षेत्र में जाति एवं स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव कम हुआ है। रिपोर्ट की मुख्य लेखिका एवं विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर रोजा अब्राहम ने कहा कि यह अध्ययन पिछले 40 वर्ष के आधिकारिक आंकड़ों पर आधारित है और शिक्षा से रोजगार तक युवाओं की यात्रा तथा उसमें आए बदलावों को दर्शाता है।

# मारुति पांच साल में सात नए एसयूवी मॉडल उतारेगी

## कंपनी के सीईओ ने योजना की दी जानकारी

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

देश की अग्रणी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने तेजी से बढ़ते एसयूवी खंड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अगले पांच-छह साल में सात नए एसयूवी मॉडल पेश करने की योजना बनाई है। एमएसआईएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने मंगलवार को एक निवेशक प्रस्तुति में यह जानकारी दी। इसके साथ ही ताकेउची ने कहा कि कंपनी पहली बार कार खरीदने वाले ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए शुरुआती स्तर वाली 'सुजुकी की विशिष्ट' कार भी पेश करेगी।

सीईओ ने कहा, भारतीय यात्री वाहन बाजार में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में बाजार हिस्सेदारी सुरक्षित करने के लिए मारुति सुजुकी अपने एसयूवी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। ताकेउची ने कहा कि कंपनी की अगले पांच-छह वर्षों में सात नई एसयूवी पेश करने की योजना है।





सीईओ ने बताया कि भारतीय यात्री वाहन बाजार में एसयूवी मॉडल की हिस्सेदारी 2019 के 26.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 54.7 प्रतिशत हो गई, जो इस खंड की तेज वृद्धि को दर्शाता है। एसयूवी बाजार में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2019-20 के 16.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 महीनों में 19.6 प्रतिशत हो गई है।

### कंपनी उत्पादों की संख्या बढ़ाएगी

ताकेउची ने कहा कि मध्यम-अवधि की प्रबंधन योजना के तहत कंपनी मझोले और बड़े आकार के एसयूवी एवं एमपीवी खंड में अपने उत्पादों की संख्या बढ़ाएगी ताकि उपभोक्ताओं की बदलती पसंद पर खरा उतरा जा सके। उन्होंने कहा कि कंपनी कार्बन निरपेक्षता की दिशा में इलेक्ट्रिक, हाइब्रिड, सीएनजी और जैव-ईंधन जैसे ईंधन विकल्पों पर काम कर रही है।

## कमोडिटी श्रेणी में 10 ग्राम सोने के वायदा अनुबंध होंगे उपलब्ध

# छोटे निवेशक अब सोने का वायदा कारोबार कर सकेंगे

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार से कम मात्रा में सोने में ट्रेडिंग की सुविधा शुरू कर दी है। इसके तहत कमोडिटी श्रेणी में 10 ग्राम सोने के वायदा अनुबंध (गोल्ड फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट) उपलब्ध होंगे। इस सुविधा से अब छोटे निवेशक भी छोटे आकार के गोल्ड अनुबंध में कारोबार कर सकेंगे। एक्सचेंज ने प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि निवेशकों के लिए नया उत्पाद तैयार है। इस अनुबंध को शुरू करने के लिए सेबी से जरूरी मंजूरी मिल चुकी है। इस अनुबंध में सोमवार से शुक्रवार तक कारोबार होगा, जिसका समय सुबह 9 बजे से रात 11:30 या 11:55 बजे तक रहेगा।

- 999 शुद्धता वाले 10 ग्राम सोने की डिलीवरी लेना पूरी तरह अनिवार्य रहेगा



### अधिकतम आर्डर 10 किलोग्राम तय

अधिकतम ऑर्डर साइज 10 किलोग्राम तय किया गया है। हर महीने समाप्ति एनएसई का यह नया वायदा अनुबंध हर महीने की श्रृंखला में उपलब्ध होगा। इसका कारोबारी चिह्न 'गोल्ड10जी' तय किया गया है। हर महीने के आखिरी कैलेंडर दिन इस अनुबंध की समाप्ति होगी। अगर उस दिन सार्वजनिक छुट्टी होती है, तो उससे पहले का कार्यदिवस समाप्ति तिथि माना जाएगा।

### अहमदाबाद में क्लियरिंग हाउस तय

इस व्यवस्था के तहत 999 शुद्धता वाले 10 ग्राम सोने की डिलीवरी लेना पूरी तरह अनिवार्य रहेगा। डिलीवरी केंद्र अहमदाबाद में तय क्लियरिंग हाउस सुविधा पर होगा। सोने की गुणवत्ता 999 शुद्धता की होगी और यह मान्यता प्राप्त सप्लायर द्वारा दिया जाएगा। अनुबंध की कीमत अहमदाबाद के भाव पर तय होगी, जिसमें सीमा शुल्क तो शामिल होगा, लेकिन जीएसटी का भुगतान अलग से करना होगा।

### जोखिम की सीमा छह प्रतिशत तय

पुराने अनुबंध की समाप्ति के तुरंत बाद अगले कारोबारी दिन नया अनुबंध शुरू हो जाएगा। जोखिम प्रबंधन ऐसे होगा बाजार के जोखिम को कम करने के लिए एनएसई ने दैनिक कीमत की सीमा छह प्रतिशत तय की है। अगर भाव में भारी बदलाव होता है तो 15 मिनट के कूलिंग-ऑफ पीरियड के बाद इसे नौ प्रतिशत तक किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज उतार-चढ़ाव की स्थिति में नियामकीय प्रावधानों के अनुसार सीमा को और बढ़ाया जा सकता है।

### इसे कहते हैं फ्यूचर्स ट्रेडिंग

सोने का वायदा कारोबार यानी ऐसा सौदा जिसमें निवेशक उसी दिन ही तय कर लेते हैं कि भविष्य में किसी तय तारीख पर सोना किस कीमत पर खरीदेंगे या बेचेंगे। इसे फ्यूचर्स ट्रेडिंग कहा जाता है। मान लीजिए आज सोने की कीमत 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम है और निवेशक को लगता है

# ईस्टमैन ऑटो के खिलाफ दिवाला अपील खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने ईस्टमैन ऑटो एंड पावर के खिलाफ दायर दिवाला अपील को खारिज करते हुए एनसीएलटी का आदेश बरकरार रखा। एनसीएलएटी की दो-सदस्यीय पीठ ने कहा कि परिचालन लेनदार वेव इंडिया एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ ईस्टमैन ऑटो का विवाद दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा आठ के तहत नोटिस जारी होने से पहले ही मौजूद था लिहाजा इसे 'पूर्व-विद्यमान विवाद' माना जाएगा। अपीलीय न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण को विवाद के गुण-दोष में जाने या किसी पक्ष की सफलता की संभावना का आकलन करने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि नोटिस जारी होने से पहले वास्तविक विवाद मौजूद हो तो आईबीसी, 2016 की धारा नौ के तहत दायर दिवाला याचिका खारिज करना पर्याप्त है।

### पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का आईएमजीसी से करार

**नई दिल्ली।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने किफायती आवास क्षेत्र के लिए आवास ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडिया मॉर्गेज गारंटी कॉरपोरेशन (आईएमजीसी) के साथ साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस साझेदारी से पीएनबी हाउसिंग, आईएमजीसी की मॉर्गेज गारंटी समर्थित समाधानों के माध्यम से किफायती आवास ऋण प्रदान कर सकेगी। इससे विशेष रूप से पहली बार कर्ज लेने वालों को देश में अपने घर खरीदने के सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

### मेकमाईट्रिप भारत में अपना कारोबार सूचीबद्ध कराएगा





**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप भारत में अपने कारोबार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने पर विचार कर रही है। कंपनी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि कारोबार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराने का उद्देश्य कंपनी के ब्रांड को देश में और मजबूत बनाना, भारत में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखना और लंबे समय तक वृद्धि को बढ़ावा देना है। मेकमाईट्रिप ने कहा कि उसने अपने भारत में सभी प्रमुख ब्रांड को एक ही कंपनी में जोड़ने का आंतरिक पुनर्गठन पूरा कर लिया है। इस बदलाव के तहत ''रेडबस इंडिया'' का विलय ''मेकमाईट्रिप इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'' में कर दिया गया है।

**मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**
आपका अपना बैंक
(सरकार के स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक) क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर
शाखा पाटन जिला जबलपुर के लिये परिसर की आवश्यकता
जबलपुर शहर में शाखा पाटन जिला जबलपुर हेतु विवरणानुसार लीज पर परिसर की आवश्यकता है:– निविदा दिनांक 17/03/2026

| क्र. | प्रस्तावित कार्यालय का नाम | लोकेशन | कार्पेट |
|---|---|---|---|
| 1 | शाखा पाटन, जबलपुर | वर्तमान शाखा पाटन, के 2 कि.मी. के दायरे में | लगभग 1000–1200 वर्गफुट भूतल |

इच्छुक व्यक्ति बैंक की वेबसाईट www.mpgb.co.in में दी गई निर्धारित निविदा प्रक्रिया/ शर्तों के तहत् निविदा प्रारूप में अपने प्रस्ताव बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में प्रस्तुत करें, निर्धारित प्रपत्र बैंक की वेबसाईट / क्षेत्रीय कार्यालय / शाखा पाटन में उपलब्ध है, निविदा प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23/03/2026 को (शाम 04:00 बजे) एवं निविदा प्रस्ताव खोलने की तिथि 23/03/2026 को शाम 05:00 बजे रहेगी। कार्यालय का पता: माँ शारदा परिसर, एस.आर. सिनेमा के पास, अग्रसेन वार्ड, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) पिन 482002
क्षेत्रीय प्रबंधक

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**
Municipal Corporation Chhindwara
Add.- In front of shukla ground, guraiya road ward no. 39, chhindwara (M.P.) 480001
Tel. - 07162-222346
E-mail - commchhindwara@mpurban.gov
क्रमांक/1104/स्टो.शा./नपानि/2026 // निविदा आमंत्रण सूचना// छिन्दवाड़ा दिनांक 16/03/2026
एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_491445_1 Dated 17-03-2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह हेतु पूजन सामग्री प्रदान करने मेन पॉवर सहित निविदा आमंत्रण कार्य | 12 माह | 1. 2,000.00 2. 10,000.00 | 02/04/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
आयुक्त नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को ML/RL से HL तक ऊंचा करने के लिए ई-निविदा सूचना
मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्न-लिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
निविदा सूचना क्रमांक: GSU-EL-G-NAG-2025-26-18 दिनांक: 12.03.2026
कार्य का नाम: नागपुर मंडल के अंतर्गत (1) लोधीखेड़ा (LDE), रामाकोना (RMO), भीमलगोंडी (BMC), भंडारकुंड (BDKD), उमरा नाला (ULA), लिंगा (LIG), केवलारी (KLZ), खापरी खेड़ा (KPDK), पाटनसावंगी (PTS), केलोद (KLOD), रामटेक (RTK), सौंडद (SNV) और ब्रह्मपुरी (BMP) रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म को ML/RL से HL तक ऊंचा करने के संबंध में इलेक्ट्रिकल (G) कार्य। (1) धापेवाड़ा (DPW), मगरदर्रा (MGDR), टिटवा (TTW), चांगोटोला (CGLA) व गुडरू (GDU) पैसेंजर हॉल्ट पर प्लेटफॉर्म को ML / RL से HL तक ऊंचा करने सम्बंधित कार्य।
निविदा मूल्य: ₹ 2,06,56,067/-
बयाना राशि: ₹ 2,53,300/-
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 07.04.2026 के 15:00 बजे तक।
उपरोक्त निविदा के अधिक विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
FL/81-352
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला - रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक-937/ ई-टेण्डर /न.पा.नि./ 2026 रीवा, दिनांक - 17.03.2026
निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनाक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_ UAD 467117_2 11/12/2022 [SECOND CALL] 866/11.12.2025 | Interior Renovation Work for Office Space under Municipal Corporation Rewa (M.P.) | 02 माह रू 50.81 लाख | रू 10000.00 रू 38,108.00 | 02/03/2026 18:00 बजे तक |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**
निविदा सूचना क्रमांक 40 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. निविदा सूचना नरसिंहपुर, दिनांक 14/03/2026
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_490551_1 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत सिविल कोर्ट गाडरवारा के कक्ष क्रमांक 3,4 का विशेष मरम्मत एवं रंगाई पुताई डिरमेंटलिंग का कार्य। (न्यायिक विभाग) | 10.00 | 20,000 | 2,000 | प्रथम आमंत्रण | 03 माह वर्षा ऋतु सहित | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 10.00 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24/03/2026, (17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 24/03/2026, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी।
कार्यपालन यंत्री
G-27508/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) - संभाग नरसिंहपुर

## चिंतन

# पहले अपने घर को दुरुस्त करे कांग्रेस

राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि राजनीति केवल संख्या का खेल नहीं, बल्कि संगठन, अनुशासन और नेतृत्व की असली परीक्षा भी होती है। इस बार के चुनावों में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, उसने कांग्रेस की आंतरिक कमजोरियों को न सिर्फ उजागर किया, बल्कि यह भी दिखाया कि पार्टी अभी उस मजबूती से काफी दूर है, जो कभी इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा के दौर में देखने को मिलती थी। हरियाणा, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में जो घटनाक्रम सामने आया, वह केवल चुनावी हार-जीत की कहानी नहीं है, बल्कि संगठनात्मक बिखराव की गंभीर चेतावनी है। हरियाणा में कांग्रेस द्वारा अपेक्षाकृत कम चर्चित उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध को मैदान में उतारना ही असंतोष की जड़ बन गया। नतीजा यह रहा कि पार्टी के पास 37 विधायक होने के बावजूद केवल 28 वोट ही उम्मीदवार के पक्ष में पड़े। हालात इतने बिगड़े कि विधायकों को एकजुट रखने के लिए उन्हें दूसरे राज्य में शिफ्ट करने जैसी रणनीति अपनानी पड़ी। यह स्थिति बताती है कि पार्टी के भीतर विश्वास और संवाद का अभाव गहराता जा रहा है। बिहार में स्थिति और भी चिंताजनक रही। यहां कांग्रेस और राजद के विधायकों द्वारा मतदान से दूरी बनाना महज लापरवाही नहीं, बल्कि नेतृत्व के प्रति असहमति का संकेत है। जब विधायक खुले तौर पर यह कहें कि उन्हें स्पष्ट निर्देश ही नहीं मिले तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि पार्टी का कमांड और कंट्रोल सिस्टम आखिर कितना प्रभावी है। परिणामस्वरूप एनडीए ने सभी सीटों पर जीत दर्ज कर विपक्ष को करारा झटका दिया। ओडिशा में तो मामला अनुशासनहीनता की हद तक पहुंच गया। कांग्रेस के विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग करना और फिर पार्टी द्वारा उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना इस बात का प्रमाण है कि अंदरूनी असंतोष अब नियंत्रण से बाहर हो रहा है। यह केवल एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि एक व्यापक प्रवृत्ति का संकेत है, जहां व्यक्तिगत निर्णय पार्टी लाइन पर भारी पड़ रहे हैं। इन घटनाओं का सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह सब उस समय हो रहा है, जब कांग्रेस खुद को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्यसभा जैसे अहम चुनावों में इस तरह की चूक यह दर्शाती है कि पार्टी का जमीनी ढांचा अभी भी कमजोर है। नेतृत्व की ओर से उम्मीदवार चयन में स्थानीय समीकरणों और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज करना महंगा साबित हो रहा है। इसके विपरीत, सत्तारूढ़ गठबंधन ने इन कमजोरियों का पूरा फायदा उठाया। बेहतर रणनीति, स्पष्ट निर्देश और मजबूत संगठनात्मक पकड़ के चलते उन्होंने अधिकांश सीटों पर जीत हासिल की। यह अंतर साफ बताता है कि आज की राजनीति में केवल विचारधारा नहीं, बल्कि प्रबंधन और अनुशासन भी उतने ही जरूरी हैं। कांग्रेस के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती आत्ममंथन की है। क्या पार्टी अपने भीतर के असंतोष को समय रहते दूर कर पाएगी? क्या नेतृत्व राज्यों में मजबूत और स्वीकार्य चेहरों को आगे लाने में सफल होगा? और सबसे महत्वपूर्ण, क्या वह अपने विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच भरोसा कायम कर पाएगी? यह चुनाव कांग्रेस के लिए एक चेतावनी है कि सिर्फ विपक्ष में होना पर्याप्त नहीं, एक प्रभावी और संगठित विपक्ष बनना जरूरी है। वरना, रास के इस चुनाव में जो दरारें दिखी हैं, वे आने वाले समय में और भी गहरी हो सकती हैं। इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस भाजपा से लड़ाई के बजाय अपने घर को दुरूस्त करे।



## तकनीक
प्रमोद भार्गव

# यूएस उतारेगा ईरान के विरुद्ध रोबोट सेना

सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही है। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है।

मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। सैन्य प्रौद्योगिकी की दुनिया में दिखाई जाने वाली फिल्मी कहानियां अब मानव जीवन की ठोस सच्चाई में बदलती दिख रही हैं। अमेरिकी टेक कंपनी 'फाउंडेशन' ने दुनिया का पहला आदमी जैसा ह्यूमनोइड कृत्रिम बुद्धि से संचालित रोबोट सैनिक 'फैंटम एमके-1' तैयार कर लिया है। स्टील से बना यह सैनिक रोबोट एम-16 राइफल, रिवॉल्वर और शॉटगन जैसे हथियार चलाने में दक्ष है। इस सैनिक की दक्षता की परख फिलहाल कारखानों और बंदरगाहों पर की जा रही है। अमेरिका ही नहीं रूस,चीन और भारत भी ऐसे सैनिक बनाने में जुटे हैं। भारत का डीआरडीओ ये रोबोट बना रहा है। इजराइल ऐसे सैनिक बना चुका है।

हालांकि सैनिक के रूप में अभी उनका युद्ध के मैदान में परीक्षण होना शेष है। यह एक नए शीत युद्ध और नई तकनीक की होड़ की शुरुआत है,जो दुनिया को ऐसे स्व-नियंत्रित रोबोट सैनिकों को सौंपने जा रही है, जो कृत्रिम बुद्धि से विस्फोटक निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। इजराइल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो न केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजराइल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक अब तक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्कर्ष नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।ये सैनिक डर और थकान से मुक्त होंगे। कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि कहीं भविष्य में यह मशीनी रोबोट मनुष्य पर ही भारी न पड़ जाए। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इनटेलीजेंसी) से निर्मित



रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का लक्ष्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी, तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है। दरअसल, भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे।

इससे युद्ध में मानव सैनिकों के प्राण बचेंगे। परंतु रक्षा विशेषज्ञों की चिंता है कि यदि युद्ध के दौरान एआई में तकनीकी व्यवधान और हैकिंग के बड़े संकट हैं। अतएव इंसानी नियंत्रण से मुक्त इन मशीनी सैनिकों को फैसले लेने की छूट मिल जाती है तो ये युद्ध को पलों में तांडव में बदल सकते हैं, लेकिन भारत जैसे देश को सेना को बदलती परिस्थितियों की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य शत्रुओं की चुनौती कहीं अधिक है। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं, दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे। इसी मंशा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है। ये रोबोट वीडियोग्राफी के जरिए इनके ठिकानों के निश्चित स्थल से चित्र सहित अवगत करा देंगे। ये रोबोट सैनिक इसलिए इतने बौद्धिक रूप से सक्षम व चपल होंगे, क्योंकि इनके सॉफ्टवेयर की संरचना में इतनी बुद्धि डाल दी जाएगी कि भविष्य में ये मनुष्य के जैविक दिमाग से कहीं ज्यादा तेज गति से काम करने लग जाएंगे। इस मिली-जुली बुद्धिमत्ता के लिए एक नया शब्द 'सिंगुलैरिटी' अस्तित्व में आ गया है। यानी मशीनी दिमाग का आधिपत्य हो जाए तो इसे सिंगुलैरिटी शब्द से पुकारा जाएगा। बहरहाल तेज दिमाग और तात्कालिक चपलता से जुड़ी रोबो-आर्मी युद्धों में ऐसा वरदान साबित होगी, जो हमारे मानव सैनिकों के जीवन को अधिकतम सुरक्षा प्रदान करेगी।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
अखिलेश आर्येन्दु



# भारत के सामने क्यों है युद्ध रुकवाना चुनौतीपूर्ण

ब्रिक्स के गठन के बाद कुछ देशों में युद्ध के हालात बने लेकिन वे वैश्विक तेल और आर्थिक संकट की वजह नहीं बनें। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के संयुक्त युद्ध के हालात दुनिया में कई तरह की समस्याएं और संकट पैदा कर रहे हैं। अमेरिका के मित्र देशों पर ईरान के हमले के बाद हालात कुछ ज्यादा ही जटिल हो गए हैं। कई देशों में उनकी अर्थव्यवस्था पर सीधे असर पड़ा है। दुनिया भर में यह आशंका होने लगी है कि कहीं यह युद्ध विश्व-युद्ध का रूप न ले ले। उधर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् जल्द से जल्द युद्ध खत्म कराने की कोशिश में है। दूसरी तरफ भारत की कोशिश है कि जल्द से जल्द आपसी संवाद के जरिए युद्ध रोका जाए और तेल संकट जो दुनिया के लिए आर्थिक संकट के रूप में उभर आया है, उस पर आपसी सहमतियां बनें। ब्रिक्स के जरिए भी यह कोशिश हो रही है कि युद्धरत देशों में आपसी संवाद का रास्ता आगे बढ़े और युद्ध विराम हो। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन के बीच टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मसूद ने कहा था कि यदि भारत ईरान का मित्र है तो ब्रिक्स को चाहिए कि बढ़ते संघर्ष से निपटने में मजबूत और रचनात्मक भूमिका निभाए। भारत ब्रिक्स का वर्तमान में अध्यक्ष है। अध्यक्ष होने की वजह से ईरान चाहता है कि भारत ब्रिक्स के जरिए अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों की निंदा करने के लिए सदस्य देशों में सहमति बैठाने की कोशिश करे।

भारत का दृष्टिकोण इस मामले में बेहद संतुलित है। विदेश मंत्रालय का मानना है कि इस मामले में सीधे किसी देश के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार नहीं हो सकता, इसलिए युद्धरत देशों में आपसी संवाद ही सबसे मुफीद रास्ता है। इस मुद्दे पर ब्रिक्स के भीतर सहमति बनाना बेहद कठिन हो गया है क्योंकि समूह के कुछ सदस्य देश मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल हैं। ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ भारत लगातार संपर्क बनाए हुए है और एक संवाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। गौरतलब है कि शेरपा ब्रिक्स के सदस्य देशों का एक माध्यम है। इसके जरिए सदस्य देशों की आधिकरिक कूटनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाता है।

इसके जरिए किसी शिखर सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधि आपसी संवाद को आगे बढ़ाते हैं और मुद्दों पर एक सहमति बनाने की कोशिश की जाती है। ब्रिक्स देशों के जो प्रतिनिधि उस देश के जरिए नियुक्त किए जाते हैं, उन्हें शेरपा कहा जाता है। ये शेरपा उन देशों के नेताओं के बैठक के पहले बैठक का एजेंडा, बयान और समझौतों के मसौदे तैयार करने में अहम रोल निभाते हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा नियुक्त अधिकारी को 'शेरपा' कहा जाता है और उन अधिकारियों के बीच होने वाली बातचीत को शेरपा चैनल कहा जाता है। 'ब्रिक्स' की स्थापना के वक्त इसमें भारत, ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका और चीन शामिल थे। ये वे देश हैं जिन पर ईरान के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है या इजराइल-अमेरिका के आक्रमण का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा युद्ध के हालात में ब्रिक्स देशों में युद्ध रुकवाने या अमेरिका-इजराइल के ईरान पर आक्रमण को लेकर निंदा का सर्वसम्मति सहमति न बन पाने की वजह सबके अपने स्वार्थ और एक दूसरे से संबंध हैं। वर्तमान में विश्व के हालात पिछले वर्षों में युद्धरत देशों से अलग तरह के हैं। गौरतलब है 2025 में ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स ने जून 2025 में ईरान पर इजराइल के हमलों को लेकर दो बयान जारी किए थे। इस साल भारत सहित ब्रिक्स देशों की स्थिति अलग तरह की है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात सहित गल्फ कोऑपरेशन कांउसिल (जीसीसी) के देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की है। वहीं पर ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों को लेकर भारत ने कोई बयान जारी नहीं किया है। सवाल यह है कि क्या कोई संयुक्त बयान जारी न करवा पाने की वजह से ब्रिक्स की प्रेंसीडेंसी की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है? क्या बयान जारी न करवा पाना मोदी सरकार की विदेश नीति की विफलता मानी जाएगी? दरअसल, पिछले साल के विश्व हालात और वर्तमान के हालात में अंतर है। ईरान ने अमेरिकी मित्र देशों पर हमला करके स्थिति को काफी जटिल बना दी है। इनमें से ज्यादातर देश ब्रिक्स के सदस्य हैं। इसलिए ईरान के प्रति हमदर्दी दिखाना धर्मसंकट जैसी स्थिति बन गई है। भारत फिर भी इस नीति पर चल रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो और युद्धरत देशों में संवाद की स्थिति बन बने। तेल और आर्थिक संकट से दुनिया के देश बाहर आएं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
## दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
## प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है। आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### राजनीति पर लगाम कसने के लिए मतदान जरूर करें

देश के चार राज्यों तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश पुड्डूचेरी में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में मतदान की अहम भूमिका होती है। हर चुनाव में हर मतदाता को जरूर मतदान करना चाहिए। वैसे तो हर उम्र के मतदाताओं को मतदान में रुचि दिखानी चाहिए, लेकिन युवाओं का दायित्व बनता है कि वो देश की राजनीति की धूमिल होती छवि और अवसरवाद की ओर बढ़ती राजनीति पर लगाम कसने के लिए हर चुनाव में मतदान जरूर करे। महापुरुषों ने युवा वर्ग के लिए कहा था कि युवा देश, समाज में एक अच्छा और सचा बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाए या निभा सकता है। मतदान समझदारी से करना होगा। *– आरती, पानीपत*

## ट्रेंड

### महिलाओं की भागीदारी



भारत में स्टॉक एक्सचेंज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बढ़ती भागीदारी न केवल आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक है, बल्कि देश की विकास यात्रा में महिलाओं की सशक्त और महत्वपूर्ण भूमिका को भी दर्शाती है।
**-अन्नपूर्णा देवी, महिला विकास मंत्री**

### किसानों की समृद्धि



प्रदेश के किसानों और उद्योगों की समृद्धि हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्ष 2027 तक हर अन्नदाता को दिन में निर्बाध बिजली देने के संकल्प के साथ राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी बन रहा है। अब हमारा किसान 'अन्नदाता' के साथ 'ऊर्जादाता' बनकर विकास को नई रोशनी दे रहा है।
**-भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### पानी तक उपलब्ध नहीं



युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति थोड़ी बाधित हुई है। लेकिन झारखंड में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तो दूर की बात है, कांग्रेस-झामुमो की सरकार जनता को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

### सम्मान की उम्मीद



जब कूटनीति से लेकर व्यापार और धर्म तक हर चीज़ को हथियार बना लिया जाता है, तो युद्ध से "कानूनों" या "नैतिकता" का सम्मान करने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना मात्र है।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# अहमदिया के दमन को लेकर पाकिस्तान की आलोचना



भारत ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि उसकी पड़ोसी देशों में 'इस्लामोफोबिया' (इस्लाम के प्रति घृणा) की 'काल्पनिक कहानियां गढ़ने' की आदत है और सवाल उठाया कि इस्लामाबाद के अपने ही देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन या रमजान के दौरान अफगानिस्तान पर हवाई बमबारी को कैसे देखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, 'भारत का पश्चिमी पड़ोसी देश अपने आसपास इस्लामोफोबिया की कल्पनिक कहानियां गढ़ने का उत्कृष्ट उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'यह सोचने वाली बात है कि इस देश में अहमदियाओं का क्रूर दमन, बेबस अफगानों की बड़े पैमाने पर जबरन वापसी या रमजान के पवित्र माह में हवाई बमबारी को क्या कहा जाएगा?' हरीश सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया से निपटने के अंतरराष्ट्रीय दिवस को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि 'इस्लामिक सहयोग संगठन' ने बार-बार भारत के खिलाफ झूठे और बेबुनियादी आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन को 'हमारे पश्चिमी पड़ोसी ने भारत के खिलाफ हथियार की तरह इस्तेमाल करने की व्यवस्थित तरीके से कोशिश की है।'

## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण प्रभारी प्राचार्य रतिराम अहिरवार के मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य टास्क फोर्स के नोडल प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार चौरसिया के नेतृत्व में किया गया। छात्र छात्राओं एवं स्टाफ ने विभिन्न विषय विशेषज्ञों से मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि पढ़ाई, परीक्षा और कैरियर से जुड़े दबाव को कैसे सकारात्मक तरीके से संभाला जा सकता है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 16 व 17 मार्च को भी महाविद्यालय में किया जाएगा, जिससे अधिक सेअधिक छात्र-छात्राएं इसका लाभले सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज मिश्रा एवं समस्त स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर निगम द्वारा दो स्थलों में शुरू कराया गया प्याऊ

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन की जलप्रदाय शाखा द्वारा इस वर्ष गर्मी के प्रभाव को देखते हुए आम नागरिकों की सुविधा हेतु शहर के दो स्थानों सुभाष चौक एवं कचहरी चौराहे के समीप सार्वजनिक प्याऊ (पेयजल केंद्र) का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इन प्याऊ के माध्यम से राहगीरों, श्रमिकों एवं आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार शहर के प्रमुख बाजारों, मुड़वारा स्टेशन एवं बरही रोड तिराहा के पास भी एक-दो दिवस में प्याऊ स्थापित कर दिए जाएगें तथा नगर के अन्य सार्वजनिक स्थलों में प्याऊ स्थापित करनें का कार्य प्रगति पर है। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित कर्मचारियों को प्याऊ की नियमित साफ-सफाई एवं जल की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने कहा गया है कि पेयजल की आपूर्ति निरंतर बनी रहे और किसी प्रकार की असुविधा न हो। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन सुविधाओं का उपयोग करते हुए स्वच्छता बनाए रखें और जल का दुरुपयोग न करें।

### युवक के खाते से पार हुए 2.96 लाख रुपये

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत माई नदी क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ ठगी की घटना हुई। युवक के बैंक खाते से जालसाजों ने करीब 3 लाख रुपये की बड़ी राशि पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मोती बाग (माई नदी) निवासी आशीष गौतम 37 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च 2026 को दोपहर करीब 12:39 बजे उनके बैंक खाते से अज्ञात तरीके से 2,96,000 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। जब प्रार्थी को खाते से इतनी बड़ी राशि कटने की जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए। बैंक और अन्य माध्यमों से स्थिति स्पष्ट न होने पर अंततः उन्होंने पुलिस की शरण ली। प्रार्थी ने 16 मार्च को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस डिजिटल ट्रेल की जाँच कर रही है, जिसके माध्यम से यह राशि ट्रांसफर की गई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह राशि किस खाते में गई है और ठगी के लिए किस तकनीक का इस्तेमाल किया गया।

### धरे गये तीन जुआरी

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने जुआ मन्ना खेल रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दीपांशु गुप्ता 25 वर्ष, शिवा प्रसाद केवट 24 वर्ष और कपिल चौरसिया 40 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने 1850 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

---

#### वाहनों के बढ़ते दवाब एवं ई रिक्शा के रूट निर्धारित नहीं होने से जाम की समस्या

# प्रशासनिक प्रयासों के बाद भी शहर में अराजक यातायात की नहीं बदली चाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये प्रशासनिक स्तर पर बीच बीच में कई तरह के प्रयोग भले ही किये जा रहे हो लेकिन सुगम आवागमन की राह आसान नहीं दिख रही। सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था हटाने के बाद कुछ दिनों तक सतत मानीटरिंग के बाद जैसे ही अमले ने इस ओर ध्यान देना कम किया समस्या बढ़ने लगी है। शहर में वाहनों का दवाब दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सड़क में अस्थायी अतिक्रमण एवं पार्किंग की वजह से परेशानी और बढ़ जाती है। शहर में आटो एवं ई रिक्शा की संख्या में बेतहाशा इजाफा होने के साथ ही रूट निर्धारण की योजना पर अमल नहीं हो पाने की वजह से जाम की समस्या बन रही है जिससे परेशानी हो रही है।

मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 10 फीट की ही रह जाती है। ई रिक्शा से लेकर आटो दिन भर शहर की



सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था को अवरूद्ध कर रहे है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए प्रयास सार्थक नहीं हो पा रहे हैं। कागजी प्लान तो बनाये जाते हैं लेकिन उनका पालन कराने में संजीदगी नहीं बरती जा रही।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

#### इस तरह बनाया था रूट सिस्टम

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एससी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे।

---



## ग्राम की आवश्यकतानुसार कार्य करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़िया में साध्वी जन कल्याण समिति कटनी के द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ग्राम पंचायत भवन हीरापुर में किया गया1 प्रशिक्षण कार्यशाला में अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत हीरापुर कोरिया की सरपंच श्रीमती पुनीता बाई पटेल, उप सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप कुमार बड़गैंया,आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र की विशेष उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण कार्यशाला के तृतीय सत्र में नवांकुर संस्था साध्वी जनकल्याण समिति अध्यक्ष साध्वी निगम द्वारा प्रस्फुटन समितियों के कार्यालय के रखरखाव ,कार्य प्रणाली एवं दस्तावेजी करण विषय पर जानकारी दी।चतुर्थ सत्र में जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने प्रस्फुटन समिति के उपस्थित प्रतिनिधियों को ग्राम में समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु व शासन और समाज के बीच में सेतु के रूप में कार्य कर ग्राम में रचनात्मक वातावरण तैयार कर जन भागीदारी से ग्राम की आवश्यकता अनुसार कार्य करने संबंधी जानकारी देते हुए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले के द्वारा जीवन में रचनात्मक सोच रखते हुए तनाव मुक्त रहने के तरीकों के विषय पर जानकारी दी एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाया की कैसे हमारी सोच का हमारे कार्य पर असर पड़ता है।

---

*विद्यार्थियों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देना था टूर का उद्देश्य*

## खिलाड़ी छात्र छात्राओं को ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का अकादमिक उत्कृष्टता कार्यक्रम अंतर्गत एडवेंचर टूर कराया गया । इसमें महाविद्यालय के सभी खिलाड़ियों एवं शारीरिक शिक्षा में अध्ययनरत 42 छात्र छात्राओं को जिले के रूपनाथ धाम, भूता डैम एवं अन्य ऐतिहासिक पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया गया ।

महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल ने बताया कि इस एडवेंचर टूर का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के बीच



खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देना जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी खेलों में सहभागिता करने के लिए प्रेरित हों । साथ ही रोमांचक गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक व मानसिक चुनौतियों का सामना करना, प्रकृति से जुड़ना, जंगली और प्राकृतिक परिवेश में समय विताना, स्थानीय वातावरण और परम्पराओं का प्रत्यक्ष अनुभव करना, कठिन परिस्थितियों में अपनी क्षमता को परखना और चुनौतियों को पार करके आत्मविश्वास बढ़ाना था । इसके अलावा छात्रों में ऐतिहासिक ज्ञान में वृद्धि करना एवं अकादमिक उत्कृष्टता के मूल्यों को प्राप्त करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों को भोजन की पूर्ण व्यवस्था स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा की गई।

भ्रमण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल.के. सिंह, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के साथ क्रीड़ा समिति की सदस्य डॉ. योगिता अरजरिया, श्रीमती तोषी पटेल एवं डॉ कल्पना सतनामी आदि भी दल में शामिल रहीं। निश्चित तौर पर महाविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों ने बहुत ही उत्साहित होकर एडवेंचर गतिविधियां एवं ज्ञानार्जन किया । महाविद्यालय की स्थापना के बाद से खेल विभाग का यह पहला एडवेंचर टूर था। प्राचार्य ने छात्रों को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के इस नवाचार की सराहना की। डॉ. गढ़ेवाल ने बताया की आगे भी इस तरह के एडवेंचर टूर कराये जाते रहेंगे।

---

#### कंट्रोल रूम में आयोजित जन सुनवाई में सुनी समस्यायें



नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को प्रत्यक्ष रूप से सुनने तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा प्रत्येक प्रकरण में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न एवं थानों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधिकारियों ने एक–एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार समयबद्ध निराकरण किया जाए।

---

## 'सहकारिता से समृद्धि' किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सहकारिता वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वृहताकार कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रीठी में 'सहकारिता से समृद्धि' किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र रीठी का उद्घाटन किया गया जिससे किसानों एवं ग्रामीणों को सस्ती और अच्छी दवाइयां सुलभ हो सकेंगी। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित अधिकारियों, मुख्य अतिथियों एवं कृषकगणों द्वारा बिना सहकारी नहीं उद्धार, जय हिन्द, जय भारत, भारत माता की जय के नारे लगाये गये।

#### लाभ प्राप्त करने दी जानकारी

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं सहकारिता उद्योग समिति जिला पंचायत कटनी की सभापति कविता पंकज राय रहीं। उनके द्वारा किसान भाईयों और कार्यशाला में उपस्थित जन समूह का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील द्वारा सहकारिता के बारे में किसान भाईयों एवं जन समूह को जगरूक किया गया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पंकज राय द्वारा सहकारिता से किसान लाभ कैसे प्राप्त करें के विषय में बताया गया।

अंत में समिति प्रबंधक सुशील सोनी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों एवं जनसमूहों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में अनिल जैन, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी जयती बिलथरैया, शाखा प्रबंधक अरविन्द पाठक, समिति प्रबंधक सुशील सोनी, विनोद दुबे, देवेन्द्र गर्ग, अरविन्द चनपुरिया, सहायक समिति प्रबंधक बल्लू पटेल, अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक ज्योति सोनी, बेबी नैना मेहरा, सहकारिता विस्तार अधिकारी आयुष गुप्ता, पूजा विश्वकर्मा, नितिन जैन, दिव्यांश सोनी, अनिल राय, सतीश राय, आलोक राय, अमित दुबे, आलोक राय, सतीष राय, अंकित तिवारी, देवेन्द्र परौहा, उमाशंकर पटेल एवं समिति के समस्त विक्रेतागण एवं कृषकगण की उपस्थिति रही।

---

*औचक निरीक्षण में कोताही मिलने पर होगी त्वरित कार्यवाही*

## आयुक्त ने चेताया, सफाई व्यवस्था में ढिलाई पर होगी कार्यवाही, प्रबंधन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अब निगम प्रशासन सख्त रुख अपनाते हुए पूरी व्यवस्था को मजबूत बनाने में जुट गया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सफाई व्यवस्था का पूरा सिस्टम मजबूत रखा जाए और घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे का कलेक्शन प्राइमरी पॉइंट पर ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर कहीं भी कचरे का जमाव दिखाई न दे।

निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि नगर के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। साथ ही शाम के समय नियमित रूप से कचरा



संग्रहण वाहन भेजे जाएं, ताकि दुकानों से निकलने वाला कचरा तत्काल संग्रहित हो सके और सुबह के समय बाजार क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दें।

उन्होंने कहा कि वार्ड दरोगा यह सुनिश्चित करें कि कचरा वाहन समय पर पहुंचे और घरों व दुकानों से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में ही दिया जाए। साथ ही सार्वजनिक सड़कें और नालियां नियमित रूप से साफ रखी जाएं।

निगमायुक्त ने स्वच्छता जागरूकता टीम को निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर संपर्क कर नागरिकों को कचरे के पृथक्करण (सेग्रीगेशन) के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही सफाई नियमों का उल्लंघन करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई भी लगातार जारी रखने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि अब बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी वार्ड की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि सफाई कार्य में लापरवाही या ढिलाई पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने एमएसडब्ल्यू प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि किसी भी नागरिक को कचरा वाहन का इंतजार नहीं करना पड़े। यदि कचरा वाहन समय पर हर घर तक पहुंचेगा तो नागरिक सीधे वाहन में कचरा देंगे, जिससे सड़कों और नालियों में कचरा फैलने की समस्या भी खत्म होगी और निगम पर अतिरिक्त बोझ भी कम होगा। उन्होंने नोडल अधिकारी आदेश जैन को कचरा वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

#### महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में जल संरक्षण पर हुआ गहन मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

जल संरक्षण और भूजल के सतत उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चिंतन के लिए कटनी स्थित महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, ब्रह्मस्थान करौंदी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। "भूजल के सतत उपयोग के लिए जल प्रबंधन : वैदिक काल से आधुनिक युग तक की यात्रा" विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट्स (आईएएच) के भारतीय राष्ट्रीय अध्याय (आईएनसी–आईएएच) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर से आए जल वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने भाग लेकर जल संकट



के समाधान पर अपने विचार रखे।

प्रमुख वक्ताओं ने जल संरक्षण की भारतीय परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के समन्वय पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है। ऐसे में जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता आवश्यक है।

ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को देवता का दर्जा दिया गया है और हमारे प्राचीन ग्रंथों में जल संरक्षण से जुड़े अनेक सिद्धांत वर्णित हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन वैदिक सिद्धांतों को आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ जोड़ा जाए तो जल संकट का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों और समाज के लोगों से भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज जल संकट वैश्विक समस्या बन चुका है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन और बदलते पर्यावरणीय हालात इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि वैदिक ज्ञान परंपरा में प्रकृति और जल संसाधनों के संरक्षण की समृद्ध परंपरा रही है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अपनाकर हम इस चुनौती से निपट सकते हैं।संगोष्ठी में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. ए.डी. सावंत और प्रो. ए.के. सिन्हा ने कहा कि सतत विकास के लिए जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए वैज्ञानिक शोध, आधुनिक तकनीक और समाज की सक्रिय भागीदारी तीनों का समन्वय जरूरी है।

---

## जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शुरू होंगे जल स्रोतों के संरक्षण के कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कल 19 मार्च को वर्ष प्रतिपदा के दिन से ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ 2026 के अंतर्गत जल संग्रहण संरचनाओं के कार्यों का आगाज प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन प्रतिनिधियों और जन समुदाय की मौजूदगी में किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं शीतल पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जिले की समस्त जनपद पंचायतों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया जाए। जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं की मरम्मत, साफ सफाई, गहरीकरण, जीर्णोद्धार एवं अन्य कराए जा सकने वाले कार्यों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करते हुए अभियान के दौरान जन भागीदारी एवं विभाग के निर्देशों के मुताबिक कराए जाकर पूर्ण कराएं।

#### जल गंगा संवर्धन अभियान का 19 मार्च को होगा आगाज़

इस आशय के निर्देश जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की आयोजन और क्रियान्वयन हेतु आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 19 मार्च से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक की अवधि में संचालित होगा । प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के एक कार्य को यथा संभव प्रारंभ किया जाएगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषिराज चढ़ार, स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक कमलेश सैनी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेज सिंह केशवाल, मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार असाटी, सहायक यंत्री , अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों ने सहभागिता की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जनपद स्तरीय अधिकारियों से जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के सफल एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु की जा रही तैयारी और क्रियान्वयन के संबंध में जनपद पंचायत वार कटनी, बहोरीबंद, बड़वारा, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा और रीठी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।



# गीता भवन का कलेक्टर और निगमायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

## सुरक्षा, साफ-सफाई और सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

**जबलपुर।** शहर के आध्यात्मिक एवं सामाजिक केंद्र गीता भवन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आज कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से परिसर और आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रवेश और निकास मार्ग की सुव्यवस्था सुनिश्चित करने, भीड़ प्रबंधन सुचारू रखने और आगंतुकों को किसी भी असुविधा से बचाने के निर्देश दिए। अधिकारियों को परिसर और ग्रीन रूम में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, प्रवेश मार्ग को सजाने और प्रकाशयुक्त बनाने का भी निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने कहा, "गीता भवन न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि शहर की गरिमा का प्रतीक भी है। यहाँ आने वाले हर नागरिक को सुरक्षित और सुखद अनुभव मिलना चाहिए।" निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### गुड़ी पड़वा के साथ रौद्र नामक हिन्दू नववर्ष भी आरंभ होगा

# शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र कल से

**शहर के देवी मंदिरों में रंग-रोगन और विद्युत सजावट का कार्य शुरू**

**जबलपुर। शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो रहा है। शहर के देवी मंदिरों में घटस्थापना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और आकर्षक विद्युत सजावट की जा रही है**



शहर के सभी मंदिरों में अनुष्ठान और घटस्थापना की जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्र का शुभारंभ होता है। इस वर्ष नवरात्र का आरंभ एक विशेष खगोलीय संयोग के साथ हो रहा है। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक चैत्र नवरात्र पर अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो करीब 72 वर्षों बाद देखने को मिल रहा है। 19 मार्च को नवरात्र और गुड़ी पड़वा के साथ रौद्र नामक हिन्दू नवसंवत्सर का भी आरंभ होगा। इस नवसंवत्सर के राजा गुरु एवं मंत्री मंगल होंगे। इन सभी संयोगों को धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसके चलते श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

### कलश स्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर में

पंचांगों के अनुसार घटस्थापना के लिए सुबह 6.54 से 8.06 बजे तक का समय शुभ रहेगा। इसके अलावा दोपहर में 12.11 से 12.58 बजे तक श्रेष्ठ अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना की जाएगी। नवरात्र में व्यवसाय की शुरुआत, खरीदारी, निवेश व महत्वपूर्ण कार्य करना लाभकारी और अत्यंत शुभ माना जाता है।

### खास संयोग में होगी आराधना

19 मार्च को ही अमावस्या स्नान-दान और कलश स्थापना (घटस्थापना) होगी। 26 मार्च को अष्टमी और नवमी एक ही दिन मनाई जाएगी, जिससे नवरात्र 8 दिन के होंगे। नवरात्र के पहले ही दिन शुक्ल योग, ब्रह्म योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। इन योगों में माता रानी की आराधना-पूजन विशेष फलदायी रहेगा।



# होली मिलन में झलका रंग, उमंग और भक्ति का संगम

**विंग्स लेडीज क्लब जबलपुर का उत्सव, महिलाओं ने फूलों और गुलाल से मनाई खास होली**

**जबलपुर।** विंग्स लेडीज क्लब जबलपुर द्वारा आयोजित होली मिलन उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन संयोजिका ललिता शाक्य के सानिध्य में हुआ, जिसमें रचना शुक्ला, सोनल पटेल सहित सभी सदस्याओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर महिलाओं ने होली के पावन पर्व पर फूलों और गुलाल से एक-दूसरे के साथ रंगों का आनंद लिया तथा श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर उत्सव मनाया। कार्यक्रम में वेशभूषा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें मीनाक्षी चंद्रा ने प्रथम, रंजना दुबे ने द्वितीय और संगीता गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य जशवीर चोपड़ा के आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान सभी महिलाओं को श्रीहरि विष्णु की तस्वीर, श्रीफल एवं मोतीमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।

# चेटीचंड पर 'रन फॉर झूलेलाल' मैराथन ने दिया एकता और स्वास्थ्य का संदेश

**आज निकलेगी भव्य प्रभात शोभायात्रा, झांकियों और बैंड के साथ होगा आयोजन**

जबलपुर।



भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर 'रन फॉर श्री झूलेलाल' मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन सिंधु भवन से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज, तैयब अली चौक, घंटाघर होते हुए पुनः सिंधु भवन में समाप्त हुई। इस मैराथन में सिंधी समाज के हजारों महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, एकता और भक्ति का संदेश दिया। पूरे मार्ग में "आयो लाल झूलेलाल" के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम को स्वामी प्रदीप महाराज, विजय रोहाणी, मोतीलाल पारवानी, दिलीप तलरेजा, उद्धवदास पारवानी और राम आहूजा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मैराथन में सिमर वाधवानी, रमेश आहूजा, राजकुमार कंधारी, अशोक चादवानी, त्रिलोक वासवानी, लख्मीचंद खेमानी, गोविंद हीरानी, कैलाश वासवानी, प्रकाश आहूजा, विकास नोतनानी, मोटी रतलानी, दिलीप बुधरानी, भरत कुंदवानी, सनी कुंगानी, सोनू लालवानी, रितेश मोटवानी, सुधीर भागचंदनी और अजय सुखवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं आज विशाल प्रभात शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो श्री झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर गलगला, मुकदमगंज, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, कॉफी हाउस रोड, बड़ी ओमती होते हुए घंटाघर स्थित सिंधु भवन में समाप्त होगी। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड और ढोल शामिल रहेंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# आयुध निर्माण कर्मियों की वर्षों से मांग लंबित

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करने मांग

**जबलपुर।** ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ नॉन गजिस्ट्रेट ऑफिसर (एआईएएनजीओ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आह्वान पर देशभर की 41 आयुध निर्माणियों में लंबित विभिन्न मांगों को लेकर सभी आयुध निर्माणियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को मामले में हस्तक्षेप करने के लिए अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया। मीडिया प्रभारी उत्तम विश्वास (जीसीएफ) ने बताया कि लंबित विभिन्न मांगों में डीपीसी के माध्यम से होने वाले चार्जमेन से जेडब्ल्यूएम प्रमोशन और एलडीसी की परीक्षा के माध्यम से चार्जमेन से जेडब्ल्यूएम और जेडब्ल्यूएम एसजी , एमसीएम से चार्ज मेन प्रमोशन के खाली पड़े पदों, एडब्ल्यू म प्रमोशन, खाली पड़े डी आर पद को डी पी सी में बदलने और अनुकंपा नियुक्ति, एस आर ओ अमेंडमेंट आदि मांगों को लेकर अनुरोध पत्र प्रेषित गया। तोप गाड़ी निर्माणी जबलपुर में भी अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया। एआईएएनजीओ के संगठन सचिव और जूनियर वर्क्स मैनेजर (जेसीएम) अजय रजक ने बताया कि राष्ट्रीय महासचिव अजय और राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवर्धन के नेतृत्व में पिछले कई महीने से एआईएएनजीओ ने लगातार विभिन्न लंबित मांगों को लेकर डीओओ कोलकाता एवं संबंधित अथॉरिटी को कई बार पत्र लिख चुका है लेकिन कोई सार्थक करवाई नहीं हुई। इसलिए मंगलवार को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने के लिए अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया।



इस अवसर पर जबलपुर जोन से ओएफकेकेडीसी पांडे ,अजय यादव, सत्येंद्र सिंह, अजय चौहान, अजय पाल सिंह व्हीएफजे से रॉबिंसन मसीह नटराज अय्यर, जीआईएफ से मधुसूदन दहिया, सचिन सिंह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी से उमाशंकर सिंह, प्रकाश सिंह गौतम और ऑर्डनेंस फैक्ट्री इटारसी से योगेंद्र रघुवंशी, जीसीएफ के राजेंद्र कुमार असाटी, मनीष चौरसिया, राहुल कुमार ,कुमार विभु, लालाराम मीणा, संतोष कुमार, जगदीश गुप्ता,शरद बोरकर ,संजय शॉ, कुमार संजय पंकज रंजन,राजेंद्र रावत, हीरालाल मीणा , संदीप बाथो, मुकेश बट्टी अंजनी कुमार, धीरज सिन्हा, बिजेंद्र मिश्रा, शरद यादव, संजय शर्मा, दिनेश पाली, अजय साहू नरेश बाजपेई सदस्यों ने कार्रवाई की मांग की है।

### ब्राह्मण प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों का जोश चरम पर

# अतिथियों ने सराहा आयोजन, कहा युवाओं की प्रतिभा और एकता का सशक्त मंच



**जबलपुर।** ब्राह्मण प्रीमियर लीग के अंतर्गत 17 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन रानीताल स्टेडियम स्थित वेलोड्रम ग्राउंड में किया जा रहा है, जिसमें शहर की 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में प्रतिदिन डे-नाइट मैच खेले जा रहे हैं और खिलाड़ियों के साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।पाँचवें दिन खेले गए मुकाबलों में मुख्य अतिथि आचार्य विजय तिवारी किसलय, विशिष्ट अतिथि राजेश पाठक प्रवीण और संतोष नेमा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने इस आयोजन को युवाओं की प्रतिभा निखारने और समाज में एकता बढ़ाने का अनूठा प्रयास बताया। छठवें दिन के पहले मैच में शिवान्या एकादश ने श्री राम एकादश को हराया, जिसमें ऊदल मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में शौर्य एकादश ने बालाजी एकादश को पराजित किया, जहां एस त्रिपाठी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे मुकाबले में जय श्री राम दूत एकादश ने नर्मदा पल्टन धनवंतरी नगर को हराया, जिसमें मोहित शर्मा मैन ऑफ द मैच बने। कार्यक्रम के दौरान महेश स्थापक, जागेश्वर दुबे, रमाकांत गौतम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सुविल तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी, सतेंद्र पांडेय, अनुराग तिवारी और रितेश मिश्रा सहित सदस्यों का आयोजन में सराहनीय योगदान रहा।

# यूनिसेफ प्रेजेंटेशन को लेकर स्काउट्स-गाइड्स की तैयारियां अंतिम चरण में

**विधायक और नगर निगम अध्यक्ष से मिला मार्गदर्शन जिले की उपलब्धियों को राज्य स्तर पर दिखाने की तैयारी**

**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला जबलपुर द्वारा यूनिसेफ के भोपाल स्थित राज्य मुख्यालय में प्रस्तावित प्रेजेंटेशन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। इस संबंध में संगठन के पदाधिकारियों ने अशोक रोहाणी एवं रिकुंज विज से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रेजेंटेशन की रूपरेखा, उद्देश्य तथा जिले में संचालित सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों—प्रोजेक्ट CLAP, पोषण एवं एनीमिया जागरूकता, स्वच्छता अभियान और सतत जीवन शैली—की जानकारी साझा की गई। विधायक अशोक रोहाणी ने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों और उनके प्रभाव को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की सलाह दी। वहीं रिकुंज विज ने इसे जिले की उपलब्धियों को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर बताया।



यह प्रेजेंटेशन ललित कुमार मिश्रा, घनश्याम सोनी और अजय तिवारी के मार्गदर्शन में तैयार की जा रही है, जिसे डॉ. विजयकांत तिवारी द्वारा भोपाल में प्रस्तुत किया जाएगा। संगठन के सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के माध्यम से जबलपुर जिले को राज्य स्तर पर नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया।



# आवेदकों को बगल में बिठाकर सुनी समस्याएं चाय-पानी के साथ कराया तत्काल समाधान

**निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने जनसुनवाई में दिया अपनेपन भरा संदेश**

**जबलपुर।** नगर निगम की जनसुनवाई में राम प्रकाश अहिरवार ने संवेदनशीलता और सहभागिता की मिसाल पेश की। उन्होंने नागरिकों को अपनी बगल वाली कुर्सी पर बिठाकर उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर समाधान सुनिश्चित किया। इस दौरान उन्हें 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अतिक्रमण, भवन, स्थापना, स्वास्थ्य, जल, सम्पदा, योजना, लेखा, सीवर लाइन एवं विभिन्न संभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। अधिकांश शिकायतें संबंधित विभागों को प्रेषित की गई और कुछ का त्वरित समाधान राजस्व और स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया।आयुक्त ने अधिकारी और आवेदक के बीच पारंपरिक दूरी को समाप्त करते हुए बुजुर्गों और महिलाओं को सम्मान के साथ अपने पास बिठाया। उपस्थित लोगों को चाय और पानी भी दिया गया, जिससे नागरिकों ने अधिकारियों के प्रति भरोसा और अपनापन महसूस किया। इस अवसर पर निगमायुक्त ने कहा कि शिष्टाचार के साथ-साथ कार्य पर भी तुरंत फोकस होना चाहिए। उन्होंने सभी मामलों पर ऑन-दी-स्पॉट कार्रवाई सुनिश्चित की। जनसुनवाई में अरविंद शाह, विद्यानंद बाजपेई, वेद प्रकाश, अंकिता जैन, शिवांगी महाजन, अंकिता बर्मन, इंद्रकुमार वर्मा, दीपक शर्मा, अभिषेक तिवारी, दिग्दर्श, महेश शर्मा, सतीश मिश्रा, असद, प्रदीप और सभी विभागीय प्रमुख एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रामकृष्ण चौकसे बने भारत विकास परिषद महाकोशल प्रांत के अध्यक्ष

**जबलपुर।** भारत विकास परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महाकोशल प्रांत के लिए वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। इसमें रामकृष्ण चौकसे को अध्यक्ष, विनोद विल्बरे को महासचिव तथा राकेश शर्मा को वित्त सचिव नियुक्त किया गया।



नवनियुक्त पदाधिकारियों के चयन पर परिषद सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद एक राष्ट्रीय संगठन है, जो समाज सेवा के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

### जबलपुर एवं मदन महल स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक

# डिजिटल भुगतान के लिए यात्रियों को किया प्रोत्साहित

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर एवं मदन महल रेलवे स्टेशनों पर मंडल के स्काउट एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा आकर्षक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को रेलवन ऐप की उपयोगिता एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस जागरूकता अभियान के दौरान स्काउट एवं गाइड्स के सदस्यों ने स्टेशन परिसर में यात्रियों को रेलवन ऐप डाउनलोड करने, इसका उपयोग करने तथा डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग करने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। रेलवे द्वारा यात्रियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट खरीदने पर 3 प्रतिशत तक की छूट की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। यह व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक लागू की गई है।



पूर्व में रेलवन ऐप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल आर-वॉलेट से भुगतान करने पर ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक मिलता था, लेकिन यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब यह लाभ सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर उपलब्ध कर दिया गया है।

जबलपुर रेल मंडल द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्काउट एवं गाइड्स के सदस्य यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने, लॉगिन करने तथा टिकट बुकिंग की प्रक्रिया को भी सरल तरीके से समझा रहे हैं। यात्रियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे आधुनिक और उपयोगी व्यवस्था बताया।

इसके अतिरिक्त जबलपुर रेल मंडल द्वारा रेलवन ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए स्टेशनों पर स्टिकर एवं प्रचार सामग्री लगाई जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट एवं पोस्ट के माध्यम से भी यात्रियों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्थानीय प्रिंट मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से भी रेलवन ऐप की जानकारी एवं डिजिटल भुगतान पर मिलने वाली 3 प्रतिशत छूट की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक यात्री इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# पमरे में कैशलेस ट्रांजेक्शन से 10 करोड़ राजस्व अर्जित

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस एवं यूटीएस काउंटर्स पर यूपीआई/भीम, मोबाइल टिकटिंग तथा पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी माह में पश्चिम मध्य रेल ने पीआरएस एवं यूटीएस के माध्यम से कुल 8 करोड़ 73 लाख 727 यात्रियों से 10 करोड़ 88 लाख 81 हजार 953 रुपए का कैशलेस ट्रांजेक्शन कर रेलवे राजस्व अर्जित किया।

**मार्कशीट गुमी**

मैं पावनी श्रीवास्तव पिता श्री संजय श्रीवास्तव 1857/1 शक्तिनगर की निवासी हूँ। मैं दसवीं की मूल अंकसूची की फोटो कॉपी करवाने हेतु कपूर स्टेशनरी, शक्तिनगर में जा रही थी परन्तु रास्ते में ही गुम हो गई है। मैंने बहुत खोजने का प्रयास किया लेकिन आज दिनांक तक मूल अंकसूची नहीं मिली है। मुझे आगे की पढ़ाई एवं नौकरी हेतु कक्षा दसवीं के मूल अंकसूची की अति आवश्यकता है। जिस किसी सज्जन को मिलें तो कृपया निम्न मोबाइल नं. पर सूचना देने का कष्ट करें। गृह थाना में इसके गुम हो जाने की सूचना दे दी गई है।

नोट-मार्कशीट गुमने की तारीख 02.03. 2026, समय- दोपहर 12 बजे, रोल नं. 19162317, स्कूल- सेंट जोसेफ कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल, जबलपुर।

नाम- पावनी श्रीवास्तव,
पता-1857/1 कोलमाइन्स ऑफिस के सामने, शक्तिनगर, जबलपुर
मो.9424704913



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना
## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला

## कॉमेडी और ड्रामे का नया ट्विस्ट

**मुंबई।** भाबीजी घर पर हैं और घरवाली पेड़वाली के आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को हंसी, गलतफहमियों और दिलचस्प ड्रामे का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी (सीरत कपूर) जीतू का ध्यान पाने के लिए नकली प्रेगनेंसी का नाटक करती है, लेकिन उसका राज खुलने पर कहानी में नया मोड़ आता है। वहीं लतिका इस मौके का फायदा उठाकर जीतू का भरोसा वापस पाने की कोशिश करती है। दूसरी ओर 'भाबीजी घर



पर हैं' में अंगूरी भाबी (शिल्पा शिंदे) और विभूति के बीच मजेदार घटनाएं देखने को मिलेंगी, जहां विभूति 'स्वीटू' बनकर तिवारी के रिसॉर्ट में मुफ्त में रहने की चाल चलता है। बैडमिंटन कोचिंग के बहाने कई हास्यपूर्ण स्थितियां बनती हैं और अंत में उसके भेद खुलने का खतरा मंडराता है। ये दोनों शो सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे और 10:30 बजे एण्डटीवी पर प्रसारित होंगे, जबकि दर्शक इन्हें ZEE5 पर कभी भी देख सकते हैं।

## 'गणेश कार्तिकेय' में शिव-पार्वती की भूमिका ने बदली कलाकारों की सोच

**मुंबई।** सोनी सब के पौराणिक धारावाहिक गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव और देवी पार्वती की कहानी दर्शकों को खूब आकर्षित कर रही है। इस शो में शिव का किरदार निभा रहे अविनेश रेखी और पार्वती की भूमिका में श्रेणु पारिख ने अपने अनुभव साझा किए। अविनेश रेखी ने बताया कि शिव का किरदार निभाने से उनके जीवन में शांति, धैर्य और संतुलन बढ़ा है, जिससे वे



कठिन परिस्थितियों का सामना पहले से अधिक सहजता से कर पा रहे हैं। वहीं श्रेणु पारिख ने कहा कि पार्वती, सती और काली जैसे रूपों को निभाते हुए उन्हें स्त्री के विभिन्न पहलुओं—ममता, समर्पण और शक्ति—को गहराई से समझने का अवसर मिला। यह शो दर्शकों को शिव परिवार की प्रेरणादायी कथा से जोड़ता है और हर सोमवार से शनिवार रात 8 बजे प्रसारित किया जाता है।

## कलाकारों ने साझा की गुड़ी पड़वा की खुशियां

**मुंबई।** गुड़ी पड़वा के अवसर पर सोनी सब के कलाकारों में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। अक्षया हिंदालकर, श्रेणु पारिख, ऋषि



सक्सेना, दीक्षा जोशी और रजत वर्मा ने इस पर्व से जुड़ी अपनी खास यादें और परंपराएं साझा कीं। कलाकारों ने बताया कि गुड़ी पड़वा उनके लिए नई शुरुआत, सकारात्मकता और परिवार के साथ बिताए खास पलों का प्रतीक है। किसी के लिए यह शादी के बाद पहला त्यौहार है, तो किसी के लिए अलग संस्कृति को अपनाने का अनुभव। सभी ने घर सजाने, पकवान बनाने और अपनों के साथ मिलकर इस पर्व को मनाने की खुशियों को खास बताया। दर्शकों से अपील की गई कि वे इत्ती सी खुशी, गणेश कार्तिकेय और पुष्पा इम्पॉसिबल जैसे धारावाहिकों का आनंद लेते रहें, जो परिवार और परंपराओं से जुड़े संदेश प्रस्तुत करते हैं।

# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*__इंपरफेक्ट वुमन :__ 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*__रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :__ 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*__अमोर एनिमल :__ वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

# महिला एशियाई कप : चीन को हराकर ऑस्ट्रेलिया की फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| पर्थ

सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था, जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया, जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पिछली बार 2010 में यह महाद्वीपीय प्रतियोगिता जीती थी।



### अमेरिका के 7 शहरों में होंगे ओलंपिक के फुटबॉल मैच

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने, जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा।

### वर्ल्ड कप वॉर्मअप मुकाबला
### ब्राजील टीम से बाहर नेमार



**रियो डी जनेरियो।** स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

आईपीएल 2026

## सूर्यवंशी और जायसवाल करेंगे आरआर की पारी का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़ गए हैं। राजस्थान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर वीडियो शेयर करते हुए इस बात की जानकारी दी है। राजस्थान की ओर से यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी पारी का आगाज करते हुए नजर आएंगे।

### 30 मार्च को भिड़ेंगे आरआर और चेन्नई सुपर किंग्स

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स अपने अभियान का आगाज 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ करेगी। पिछले सीजन राजस्थान का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। टीम 14 मुकाबलों में से सिर्फ 4 में ही जीत दर्ज कर सकी थी। राजस्थान ने 9वें स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट का अंत किया था। आईपीएल 2026 के लिए राजस्थान ने रियान पराग को कप्तान बनाया है। राजस्थान की ओर से इस बार रवींद्र जडेजा और सैम करन खेलते हुए दिखाई दे देंगे। यशस्वी जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया था। यशस्वी ने 14 मुकाबलों में 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 559 रन बनाए थे। इस दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 6 अर्धशतक लगाए थे।

### मुंबई इंडियंस स्क्वाड से जुड़े रोहित

आईपीएल के आगाज का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 28 मार्च को लीग का पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल के नए सीजन के लिए स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के स्क्वाड से जुड़ गए हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में एमआई ने बताया कि हिटमैन नए सीजन से पहले टीम में शामिल हो रहे हैं! मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा का एक और वीडियो जारी कर कहा था कि मुंबई का बादशाह आ चुका है। मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा काफी लंबे वक्त से खेल रहे हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस पांच बार आईपीएल चैंपियन बन चुकी है। आईपीएल में रोहित शर्मा के पास काफी अनुभव है, जिसका फायदा एमआई को मिलता है। मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को आईपीएल 2026 के लिए 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया है।

## प्री-सीजन कैंप में गुजरात टाइटंस की तैयारी जोरों पर



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2026 के लिए शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की टीम से जुड़ गए हैं। गुजरात की टीम आईपीएल के 19वें सीजन के लिए जमकर तैयारी कर रही है और नाथद्वारा के मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में प्री-सीजन कैंप के साथ उनकी तैयारियां जोरों पर हैं। आईपीएल 2026 में गुजरात अपने अभियान का आगाज 31 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुल्लांपुर में करेगी। गुजरात अपने घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला 4 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। सीजन के पहले चरण के शेड्यूल के मुताबिक गुजरात दो मुकाबले घर में और 2 घर से बाहर खेलेगी। गुजरात टाइटंस आईपीएल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है। टीम ने चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ का टिकट कटाया है। वहीं, 2022 में गुजरात टाइटंस चैंपियन भी बनी थी। आगामी सीजन के लिए गुजरात ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को अपना बैटिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की है, जबकि भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को सहायक कोच के रूप में चुना है। इस कदम से फ्रेंचाइजी का कोचिंग सेटअप और भी मजबूत हो गया है।

## खबर संक्षेप



### टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुपः प्रतिका

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे पर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अर्धशतक लगाने वाली भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने महिलाओं के लिए अधिक टेस्ट मैच कराने की वकालत करते हुए इसे अपना पसंदीदा प्रारुप बताया है। प्रतिका ने कहा, टेस्ट क्रिकेट सबसे खूबसूरत प्रारुप है। बचपन से मेरे पिता और कोच कहते थे कि इस प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी है। जब आपको उसी तरह तैयार किया जाता है तो स्वाभाविक रूप से यह आपका पसंदीदा प्रारुप बन जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने विवियन रिचर्ड्स, सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा और रिकी पोंटिंग जैसे महान खिलाड़ियों के टेस्ट मैचों के वीडियो देखकर खुद को इस प्रारुप के लिए तैयार किया है। प्रतिका ने कहा, मैंने इन महान बल्लेबाजों के कई वीडियो देखे हैं। टेस्ट क्रिकेट में जिस तरह वे खेलते थे, वह हमेशा प्रेरित करता रहा है।

### डीपी वर्ल्ड इंडिया : खिताब बचाने के उतरेंगे फ्लीटवुड



**नई दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में तीसरे पायदान पर काबिज टॉमी फ्लीटवुड 15 से 18 अक्टूबर तक दिल्ली गोल्फ क्लब में आयोजित होने वाली 'डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप' में अपने खिताब का बचाव करने के लिए वापसी करेंगे। पिछले साल इस आयोजन के शुरुआती सत्र में विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को पछाड़कर फ्लीटवुड ने 'डीपी वर्ल्ड टूर' पर अपना आठवां खिताब जीता था। वह अब एक बार फिर 40,00,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। फ्लीटवुड ने कहा,'पिछले सत्र में डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में मेरा सप्ताह अविश्वसनीय रहा।' उन्होंने कहा, भारत में रहने के कई फायदे हैं, लोगों की गर्मजोशी, शहर का माहौल, खाना और इतने चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक कोर्स पर खेलने का अनुभव।

### वाडा लगा सकता है खेल स्पर्धाओं में ट्रंप पर बैन

world anti-doping agency

**न्यूयॉर्क।** यह सुनने में भले अजीब सा लगे लेकिन विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी (वाडा) एक ऐसा नियम लागू करने पर विचार कर रही है, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और सभी अमेरिकी सरकारी अधिकारियों को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से रोक सकता है, भले ही उनका आयोजन अमेरिकी धरती पर ही क्यों न हो। अमेरिका में अगले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इनमें इस साल होने वाला फुटबॉल विश्व कप, 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेल और 2034 में यूटा में होने वाले शीतकालीन खेल भी शामिल हैं।

टी20 सीरीज : दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर सिमटी

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को हराया, सीरीज में की बराबरी, फर्ग्यूसन-सीयर्स की घातक गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए।

इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी, जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए।



### न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 12 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए। वियान मुल्डर भी 16 रन बनाकर मिचेल सैंटनर का शिकार बने। टॉनी डी जॉर्जी का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा, और वह 4 गेंदों में सिर्फ एक ही बना सके। रुबिन हरमन 12 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जेसन स्मिथ 12 रन बनाकर मिचेल सैंटनर की गेंद पर बेन सियर्स को कैच देकर पवेलियन लौटे।

### बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब : केशव महाराज

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान केशव महाराज ने कहा, 'मुझे लगा कि हमने एक समय तक बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी में हमारा प्रदर्शन खराब रहा। खेल आगे बढ़ने के साथ विकेट बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हो गया था।' तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

### लिंडे ने 275 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन

दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

### चोट के कारण सीरीज से बाहर हुए जॉर्डन हरमन

साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। हरमन हैमस्ट्रिंग इंजरी से जूझ रहे हैं,



जिसके चलते अब वह बचे हुए 4 टी20 मुकाबलों में टीम का हिस्सा नहीं होंगे। रविवार को माउंट माउंगानुई के बे ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मैच में ही जॉर्डन हरमन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया था। इस मुकाबले में फील्डिंग करते हुए हरमन चोटिल हो गए थे। हरमन के स्कैन में ग्रेड टू टियर की पुष्टि हुई है। हालांकि, प्रोटियाज टीम ने अभी तक हरमन के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने पुष्टि करते हुए कहा, जॉर्डन हरमन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के बाकी मैच से दाईं हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं।

लॉस एंजिलिस-2028

## स्क्वाश का ओलंपिक में पदार्पण पदक जीतना मेरा सपना : अनाहत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह को उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में हर खिलाड़ी का ध्यान मुख्य रूप से लॉस एंजिलिस 2028 खेलों पर होगा क्योंकि इन खेलों के दौरान स्क्वाश ओलंपिक में पदार्पण करेगा।

अनाहत ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। अनाहत ने कहा, ' बेशक यह बहुत रोमांचक है। यह पहली बार है जब यह ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और सभी खिलाड़ी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले कोई भी खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था लेकिन अब ओलंपिक भी है और बेशक, हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह ओलंपिक में जाए, खेले और पदक जीते।' अनाहत ने कहा, 'अगले कुछ वर्षों में सभी का यही लक्ष्य रहेगा और दीर्घकाल में मेरे दिमाग में भी यही बात रहेगी कि मैं ओलंपिक तक ट्रेनिंग कर सकूं और संभवतः देश के लिए पदक जीत सकूं।'

### कारपोरेट जगत भी स्क्वाश की ओर आकर्षित : रमित



भारत के दूसरे सबसे बेहतर रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल किए जाने से कारपोरेट जगत भी इसकी ओर आकर्षित हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह (ओलंपिक) दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है इसलिए वहां पहुंचना हर किसी का सपना होता है। इसके अलावा हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी फायदा हुआ है, जो ओलंपिक में शामिल होने के बाद ही संभव हो पाया है।' टंडन ने कहा, 'ओलंपिक में शामिल होने के बाद पूरे स्क्वाश पारिस्थितिकी तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिला है।'

### ऑस्ट्रेलिया में ईरानी महिला खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप शुरू

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों ने ब्रिस्बेन में एक पेशेवर क्लब के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद यह पहला अवसर है जबकि वह सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ए-लीग महिला घरेलू प्रतियोगिता में खेलने वाली टीम ब्रिस्बेन रोर ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें ईरान की खिलाड़ी फातिमेह पसंदिदेह और अतेफेह रामेजानीसादेह को क्लब की महिला टीम के साथ दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने क्लब की जर्सी पहन रखी है और वे मुस्कुरा रही हैं। यह तस्वीर ऐसे समय में सामने आई है जब ईरान की टीम के बाकी सदस्य मलेशिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए आई ईरान की फुटबॉल टीम की सभी सदस्यों को मानवीय आधार पर वीजा देने की पेशकश की थी। शुरुआत में सात महिलाओं ने शरण का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था, लेकिन बाद में पांच ने अपना मन बदल दिया था।

वनडे रैंकिंग

## स्मृति शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत ने लगाई छलांग, पहुंची सातवें स्थान पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ।

जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर



21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### टी20 में अमेलिया ने हासिल की 694 रेटिंग



टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में कप्तान अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले मुकाबले में 44 गेंदों पर 78 रन की पारी खेलकर करियर के सर्वश्रेष्ठ 694 रेटिंग अंक हासिल की हैं। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं। जॉर्जिया प्लिमर ने 63 रन की पारी खेलकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह 50वें से 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में जेस केर ने 13 रन देकर दो विकेट लेने के प्रदर्शन के दम पर 11 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया है।

टी20 विश्व कप 2024 में अनुभवी जोश कारगर साबित हुआ था

# युवाओं के जोशीला जुनून से जीते विश्वकप : सूर्यकुमार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 विश्व कप की दो चैंपियन टीमों की तुलना करते हुए कहा कि 2024 की टीम के खिलाड़ियों में आईसीसी ट्रॉफी के लंबे समय से चले आ रहे सूखे को खत्म करने के लिए 'अनुभवी जोश' था, जबकि इस साल खिताब का बचाव करने वाली टीम के पास 'युवाओं का जोशीला जुनून' था।

सूर्यकुमार ने ट्रॉफी जीतने वाली दोनों टीमों के बीच मामूली अंतर पर बात की। वह 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खेले थे। उस टीम में विराट कोहली और रविंद्र जडेजा जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। बारबाडोस में मिली जीत के बाद इन तीनों दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के सबसे छोटे



प्रारुप से संन्यास ले लिया था । इसके बाद टीम की कमान निर्भीक सूर्यकुमार ने संभाली, जिन्होंने टी20 में भारत के खेल को अगले स्तर पर पहुंचाया। सूर्यकुमार ने दोनों टीमों की तुलना करते हुए कहा, 'दोनों टीमों में बस उन्नीस बीस का फर्क था। वो एक्सपीरियंस (अनुभव) वाला जोश था, इधर एकदम खून गरम था लड़कों का।'

### हमारे पास अनुभव कम लेकिन उत्साह अधिक

सूर्यकुमार ने ने कहा, ' जहां तक इस साल की बात है तो मैं कह सकता हूं कि हमारे पास अनुभव कम था लेकिन उत्साह अधिक था। अधिकतर खिलाड़ी 25 से 27 साल के हैं। उन्हें यह समझाना जरूरी था कि भारत में विश्व कप जीतने का अनुभव कैसा होता है, वह भी तब जबकि स्टेडियम में 50,000 लोग, एक लाख लोग आपका हौसला बढ़ा रहे होते हैं।' भारतीय कप्तान ने कहा, ' उस समय कैसा महसूस होगा, खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी था। अन्यथा मेरे विचार से अगर टीमों के कौशल को देखें तो टी20 प्रारुप में मामूली अंतर ही होता है। लेकिन मुझे लगता है कि इस बार खिलाड़ियों में अधिक जोश था।'

### क्रिकेट में 80 प्रतिशत अंक किए हासिल

सूर्यकुमार यादव को भले ही पढ़ाई में बहुत अधिक सफलता नहीं मिली लेकिन क्रिकेट के मैदान पर उन्होंने आखिरकार 80 प्रतिशत अंक हासिल कर लिए हैं। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में टी20 विश्व कप खिताब का सफलतावाक बचाव किया। इस जीत का भरपूर आनंद ले रहे सूर्यकुमार का भारतीय कप्तान के रूप में जीत का रिकॉर्ड 80 प्रतिशत है। सूर्यकुमार ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे लगता है कि स्कूल और कॉलेज में मैंने, जो प्रतिशत हासिल करने की कोशिश की वह अब मुझे क्रिकेट में मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'वहां (स्कूल या कॉलेज में) मैं कभी 50-60 प्रतिशत का आंकड़ा पार नहीं कर पाया। लेकिन यह (जीत की दर 80 प्रतिशत) सुनकर वास्तव में बहुत अच्छा लग रहा है। मैं वैसे आंकड़ों पर बहुत ज्यादा गौर नहीं करता हूं लेकिन किसी को भी किसी भी खेल में हारना पसंद नहीं होता और मुझे भी जीतना पसंद है।'

## हाईकोर्ट ने 291 गेस्ट फैकल्टीज की याचिकाएं की निरस्त

# लंबे समय तक संविदा या गेस्ट फैकल्टी के रूप में काम करने से नियमितीकरण का अधिकार नहीं बनता

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने गेस्ट फैकल्टी के नियमितीकरण क संबंध में बड़ा फैसला दिया है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थायी नियुक्ति केवल नियमों और वैधानिक प्रक्रिया के तहत ही संभव है। लंबे समय तक संविदा या गेस्ट फैकल्टी के रूप में काम करने से स्वतः नियमितीकरण या स्थाई दर्जा पाने का अधिकार नहीं बनता है। इस मत के साथ कोर्ट ने प्रदेश भर के 291 गेस्ट फैकल्टीज (सहायक प्राध्यापकों, स्पोर्ट्स ऑफिसर्स और लाइब्रेरियन) की याचिकाएं खारिज कर दीं।



प्रदेश भर के 291 याचिकाकर्ताओं की ओर से याचिका दायर कर मांग की गई थी कि उन्हें उनकी प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से स्थायी किया जाए। सभी सेवा लाभ दिए जाएं और "फॉलन आउट" घोषित कर्मचारियों को पुनः नियुक्त किया जाए। यह मांग भी की गई थी कि राज्य सरकार द्वारा जारी नई भर्ती विज्ञापन को निरस्त किया जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि वे पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय कॉलेजों में कार्यरत हैं। वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सभी आवश्यक मानकों को पूरा करते हैं और नियमित शिक्षकों की तरह ही पढ़ाई, परीक्षा, मूल्यांकन और प्रशासनिक कार्य करते हैं। इसके बावजूद उन्हें प्रतिमाह एक निश्चित मानदेय दिया जा रहा है। हर साल 89 दिन का अनुबंध बनाकर सेवा समाप्त कर दी जाती है और फिर नई चयन प्रक्रिया के माध्यम से दोबारा नियुक्ति की जाती है।

### नियम में नहीं है नियमितीकरण

वहीं, राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली व शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी ने दलील दी कि सरकार पहले ही गेस्ट फैकल्टीज को कई महत्वपूर्ण राहत और अवसर दे चुकी है, लेकिन नियमों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का नियमितीकरण न तो संभव है और न ही संवैधानिक। उन्होंने कहा कि गेस्ट फैकल्टी को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी गई है, ताकि वे नियमित भर्ती प्रक्रिया में आसानी से भाग ले सकें। इसके अलावा, उनके अनुभव को मान्यता देते हुए प्रति वर्ष 4 अंक का अतिरिक्त वेटेज दिया जाता है, जो अधिकतम 20 अंकों तक सीमित है। यह प्रावधान विशेष रूप से इसलिए किया गया है ताकि लंबे समय से कार्यरत गेस्ट फैकल्टी को प्रतिस्पर्धा में लाभ मिल सके। इसके अलावा राज्य सरकार ने गेस्ट फैकल्टी के हितों को ध्यान में रखते हुए 25 प्रतिशत होरिजोन्टल रिजर्वेशन भी प्रदान किया है। उप महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति एक विधिवत गठित आयोग के माध्यम से की जाती है। यह प्रक्रिया नियमों के अनुसार होती है और इससे चयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी प्रकार की नियुक्ति नियमों के विपरीत की जाती है, तो वह मनमानी मानी जाएगी और संविधान के विरुद्ध होगी।

## हाईकोर्ट ने आदेश में कहा-आपसी सहमति से बने थे संबंध, दबाव बनाने दर्ज कराई एफआइआर

# आर्मी आफिसर के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआइआर निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने आर्मी आफिसर के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआइआर निरस्त करने का आदेश पारित किया। जस्टिस विनय सराफ की सिंगल बेंच ने आदेश में साफ किया कि आपसी सहमति से संबंध बने थे, बाद में दबाव बनाने की नीयत से एफआइआर दर्ज कराई गई। चूंकि प्रकरण सहमति का है, अतः अपराध की परिधि में नहीं आता। इससे साफ है कि जब दोनों के बीच रिश्ते में खटास आई, तब शिकायतकर्ता ने आर्मी आफिसर पर रिश्ता जारी रखने का दबाव बनाने के लिए यह एफआइआर दर्ज कराई। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि 13 साल तक चले लंबे और निरंतर रिश्ते को देखते हुए यह मानना असंभव है कि शारीरिक संबंध केवल शादी के झूठे वादे के आधार पर बने थे। कोर्ट ने साफ किया कि



भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 यानी धोखे से शारीरिक संबंध बनाना और धारा 351(2) के तहत कोई सबूत नहीं मिला है। कोर्ट ने इसे कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग मानते हुए आर्मी आफिसर की वह याचिका स्वीकार कर ली, जिसके जरिए एफआइआर निरस्त किए जाने की प्रार्थना की गई थी।

एफआइआर एक महिला पुलिसकर्मी द्वारा दर्ज कराई गई थी। जिसका आरोप था कि आर्मी आफिसर ने शादी का प्रलोभन देकर संबंध बनाए। वहीं आर्मी आफिसर की ओर से दलील दी गई कि दोनों के बीच 2012 से सबंध थे। दरअसल, 2012 में भोपाल की आर्मी कैंटीन में दोनों की पहली मुलाकात हुई और मोबाइल पर बातें शुरू हुईं। महिला का आरोप था कि आर्मी आफिसर ने खुद को कुंवारा बताया, लेकिन 2013 में पता चला कि वह शादीशुदा है। इसके बावजूद दोनों के बीच संबंध 2025 तक जारी रहे। आर्मी आफिसर ने भरोसा दिलाया था कि वह अपनी पत्नी से तलाक लेकर उससे शादी करेगा। 2025 में महिला को पता चला कि आर्मी आफिसर अन्य महिलाओं के भी संपर्क में था।। इसके बाद आर्मी आफिसर ने कथित तौर पर उसे धमकी दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

## घरेलू सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने वालों पर लगातार कार्रवाई

# घरेलू गैस से बन रहे थे चाट, मंगौड़े

### ठेले वालों से 3 सिलेंडर 1 गैस भट्टी जब्त

**जबलपुर।** रसोई गैस की किल्लत के बीच घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मझौली पुलिस ने गत दिवस पेट्रोलिंग के दौरान बस स्टेंड कापा इंद्राना में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करने वाले दो व्यापारियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 गैस भट्टी, 1 नोजल रेग्यूलेटर जब्त किए है।



मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के गत दिवस पेट्रोलिंग के दौरान बस स्टेण्ड कापा इंद्राना में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करने वाले चाट फुल्की ठेला संचालक बड़ा दिवाला इंद्राना निवासी 38 वर्षीय रविन्द्र ठाकुर को गिरफ्तार कर उसके पास से 1 इंडेन कम्पनी का घरेलू गैस सिलेण्डर, 1 गैस भट्टी नोजल जब्त किया।

इसी प्रकार इंद्राना में देशी कलारी के पास रोड पर घरेलू गैस का उपयोग करने वाले मंगौड़ी ठेला संचालक चांदनी चौक इंद्राना निवासी 35 वर्षीय सुशांत कोष्टा को गिरफ्तार कर उसके पास से 2 एचपी कम्पनी के गैस सिलेण्डर, 1 नोजल रेगुलेटर सहित जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### *नालियों में डाली गई पेयजल पाइप लाइन पर आयोग ने लिया संज्ञान*

**जबलपुर।** शहर के दमोह नाका स्थित शांति नगर में पेयजल की पाइप लाइन नाले-नालियों के भीतर से गुजर रही है, जिससे पानी के दूषित होने का गंभीर खतरा बना हुआ है। पाइप लाइन में मामूली लीकेज भी होने पर नाली का पानी सीधे सप्लाई लाइन में मिल सकता है। लोगों का कहना है कि कई बार नलों से काला व बदबूदार पानी आ चुका है। जिससे पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत बढ़ रही है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने जनहित मे मानवाधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, नगर निगम के आयुक्त से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

## ओमती में वारदात, पड़ोसी दुकानदार पर मामला दर्ज

# दुकान में रखे सामान सहित 32 लाख के चैक चोरी

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत विक्टोरिया अस्पताल के सामने स्थित हितकारिणी मार्केट की एक दुकान में 32 लाख 30 हजार रुपए के तीन चैक चोरी हो गए। घटना 2 फरवरी की बताई गई है। एफआईआर 16 मार्च को दर्ज की गई है। इस घटनाक्रम में सीसीटीव्ही फुटेज पेश किए गए, जिसमें पड़ोस में स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान के संचालक माल अपनी दुकान में शिफ्ट करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने आरोपी चंद्र कुमार चावला एवं राजा चावला के खिलाफ धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचशील नगर गोरखपुर निवासी 36 वर्षीय सुखप्रीत कौर रैत की विक्टोरिया अस्पताल के सामने हितकारिणी मार्केट में होम एपलाइस एवं स्पेयर पार्टस की थोक दुकान में उस वक्त चोरी की घटना हुई, जब वे दिल्ली गई हुई थी। दुकान में उनका भाई हरमीत सिंह और कर्मचारी शुभम झारिया, रेशमा पटैल, पूजा पासी दुकान को देख रहे थे। 2 फरवरी की रात को दुकान बंद करके वे सभी लोग घर चले गए। 3 फरवरी को भाई हरमीत सिंह जब दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला खुला था और दुकान के अंदर का सामान नदारद था। 6 फरवरी को हरप्रीत दिल्ली से लौटी और दुकान का स्टॉक चैक किया तो पता चला कि आरओ के 2 बाक्स, इंडक्शन का 1 बाक्स, मिक्सर ग्राइन्डर का 1 बाक्स, शीलिंग फेन के स्टेटर सेमीटोन कम्पनी के 2 बाक्स, कूलर की मोटर के 3 कार्टून, कूलर पम्प के 2 कार्टून, मिक्सी के बुस का 1 कार्टून गायब था इसके अलावा हरे माधव इलेक्ट्रानिक्स द्वारा हरप्रीत के नाम से जारी तीन चैक 11 लाख 80 हजार रूपये एवं 8 लाख 20 हजार रूप्ये तथा 12 लाख 30 हजार कुल 32 लाख 30 हजार रूपये के चैक गायब थे। उसके मोबाइल में हरे माधव इलेक्ट्रानिक्स जो कि उसकी दुकान से लगी हुई है के दुकान मालिक चंद्र कुमार चावला एवं राजा चावला से अच्छे व्यापारिक संबंध होने के कारण उनकी दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे का एक्सेस उसके मोबाइल में था तो उसने दुकान के कैमरे चैक किये जिसमें सीसीटीव्ही फुटेज में दिनांक 2 फरवरी के रात लगभग 9 बजे चंद्रकुमार चावला एवं राजा चावला के हरप्रीत की दुकान से उपरोक्त सामग्री अपनी दुकान हरे माधव इलेक्ट्रानिक्स में ले जाकर रखते हुये दिखाई दे रहे हैं। हरप्रीत की लिखित शिकायत की जांच के बाद ओमती पुलिस ने आरोपी चंद्र कुमार चावला एवं राजा चावला के विरूद्ध धारा 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।







## डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस के मिलते-जुलते नामों से प्रोडक्ट बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी

जागरूक रहें, आजकल सस्ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र कुछ दुकानदार **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते-जुलते नामों से अन्य गद्दे बेच रहे हैं। इस संदर्भ में उन पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। आज की इस पब्लिक नोटिस से यह स्पष्ट माना जाए कि प्रसिद्ध ब्रांड **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** को यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था अथवा कम्पनी किसी भी रूप में नकल करता या बेचता है, उन सभी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

सभी उपभोक्ता एवं दुकानदार कृप्या यह ध्यान दें कि **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** रेंज के सभी प्रोडक्ट्स केवल **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के नाम से ही आते है। इसलिए मिलते-जुलते नामों से धोखा न खाएं व पूरा नाम पढ़कर ही प्रोडक्ट खरीदें। यदि आपको कोई प्रोडक्ट **डा. ऑर्थो गद्दे/मैट्रेस** के मिलते जुलते नाम से बाजार में मिलता है तो इसकी सूचना तुरन्त हमारी **Email: info@drorthooil.com** या **Helpline No.: 8264822252** पर दें।

**आपके द्वारा दी गई सूचना पर यदि कोई दुकानदार अथवा निर्माता पकड़ा जाता है तो आपको ₹ 1,00,000/- का नकद इनाम दिया जाएगा एवं आपका नाम गुप्त रखा जायेगा। जागरूक रहें- डा. ऑर्थो मैट्रेस का पक्का बिल अवश्य लें।**





### मधुमक्खियों के हमले से मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत निभौरा खेरमाई मंदिर के पास मधुमक्खियों के झुंड ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के बुरी तरह काटने से उसकी मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार निभौरा निवासी 56 वर्षीय केवल प्रसाद केवट को गत सुबह लगभग 11 बजे गांव के खेरमाई मंदिर के पास अचानक मधुमक्खयों ने काट लिया जिसे उपचार के लिए राजकुमार केवट द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार दौरान देर रात लगभग 12.30 बजे केवल प्रसाद केवट की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### सूने घर का ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत इंद्रालोक सोसायटी महाराजपुर में एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 5 हजार रुपए चोरी कर ले गए।अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रालोक सोसायटी महाराजपुर निवासी 30 वर्षीय अभिलाष दास गत रात लगभग 1 बजे अपनी पत्नी एवं बच्ची को लेकर लाईफ लाईन अस्पताल सुहागी इलाज हेतु लेकर गया था जहां से रात लगभग 3.30 बजे घर आया तो देखा बाहर का गेट खुला था एवं सामने का दरवाजा का ताला और अंदर के दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी घर के अंदर बने रैक में कपड़े में लपेट कर रखे सोने की एक जोड़ी बाली, 1 मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, लाकेट, चांदी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी कंगन, गुल्लक में रखे नगदी लगभग 5 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240